चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 296, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 26 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# उड़ानः फाइटर जेट से पीएम मोदी ने भरी उड़ान

## तेजस को उड़ाने के दौरान काफी रोमांचित दिखे और इसकी जमकर तारीफ की

**बेंगलुरु**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में फाइटर जेट तेजस में उड़ान भरी।दरअसल, वह शनिवार को बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की फैसिलिटी के दौरे पर गए थे। इस भ्रमण के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने कहा कि इस उड़ान से मेरा अंदर देश की स्वदेशी क्षमताओं पर भरोसा और बढ़ गया है। इस दौरान भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली उड़ान की तैयारियों की निगरानी के लिए मौके पर मौजूद थे। इस उड़ान का अनुभव साझा करते हुए पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा कि मैं आज तेजस में उड़ान भरते हुए अत्यंत गर्व के साथ कह सकता हूं कि हमारी मेहनत और लगन के कारण हम आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में विश्व में किसी से कम नहीं हैं।

**मोदी सरकार उठा रही कई कदम**

सूत्रों के मुताबिक, मोदी सरकार ने देश की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने और स्वदेशीकरण के लिए कदम उठाए हैं, जिनमें तेजस विमान भी शामिल है। विमान का पहला संस्करण 2016 में शामिल किया गया था।





### सरकार ने रक्षा तैयारियों को बढ़ाने और स्वदेशीकरण पर दिया बल

**जानकारी** के मुताबिक, सरकार ने देश की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने और स्वदेशीकरण के लिए जो बड़क कदम उठाए हैं, उनमें तेजस विमान भी शामिल है। पहला विमान 2016 में वायुसेना में शामिल किया गया था। वर्तमान में दो स्क्वाड्रन, 45 स्क्वाड्रन और 18 स्क्वाड्रन तेजस के साथ पूरी तरह से काम कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने 83 एलसीए एमके 1ए विमानों की डिलीवरी के लिए 36,468 करोड़ रुपये का ऑर्डर एचएएल को दिया है। डिलीवरी फरवरी 2024 तक शुरू होने की उम्मीद है। एलसीए तेजस का एडवांस और ज्यादा घातक वर्जन एलसीए एमके 2 के के



लिए 9000 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी जा चुकी है। इसके अलावा विमान के इंजन सहित स्वदेशीकरण को और बढ़ावा देने के लिए जून 2023 में प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान भारत में इंजन के निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर साथ बातचीत की थी। दरअसल, तेजस एयरक्राफ्ट की सर्वाधिक स्पीड 1.6 मैक है। 2000 किमी की रेंज को कवर करने वाले तेजस का अधिकतम थ्रस्ट 9163 केजीएफ है। इसमें ग्लास कॉकपिट, हैलमेट माउंटेड डिस्प्ले, मल्टी मोड रडार, कम्पोजिट स्ट्रक्चर और फ्लाई बाई वायर डिजिटल सिस्टम जैसे आधुनिक फीचर हैं। इस जेट पर दो आर-73 एयर-टू-एयर मिसाइल, दो 1000 एलबीएस क्षमता के बम, एक लेजर डेजिग्नेशन पॉड और दो ड्रॉप टैंक्स हैं।

### चुनावी फोटो खिंचवाने के उस्ताद को...', पीएम के तेजस से उड़ान भरने पर कांग्रेस ने कसा तंज



**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को तेजस विमान से उड़ान भरने के बाद कांग्रेस ने उन पर तंज कसा। पार्टी ने भारत की स्वदेशी क्षमताओं की सराहना करते हुए कहा कि 'चुनावी फोटो खिंचवाने के उस्ताद' को 2014 से पहले के प्रयासों को स्वीकार करना चाहिए था। पीएम मोदी ने अपने बंगलुरू दौरे के दौरान कहा कि इस अनुभव ने देश की स्वदेशी क्षमताओं पर उनके भरोसे को मजबूत किया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीएम मोदी पर निशाना साधा और कहा, 'तेजस हमारी स्वदेशी वैज्ञानिक और तकनीकी ताकत व क्षमता की एक और मिसाल है, जो दशकों के मजबूत संकल्प का नतीजा है।'

**तेजस पर रमेश ने अपने बयान में क्या कहा**

उन्होंने कहा, 'तेजस को एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) द्वारा डिजाइन किया गया है। इसे 1984 में स्थापित किया गया था और इसने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरीज (एनएएल), भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के साथ मिलकर काम किया। हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) के डिजाइन को छह साल बाद अंतिम रूप दिया गया। आखिरकार 2011 में परिचालन मंजूरी दी गई।

### जयशंकर ने भारतीय संस्कृति की खूबियों के साथ अंतरराष्ट्रीय संबंधों की वकालत की

**मुंबई**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को भारत की खासियतों के साथ अंतरराष्ट्रीय संबंधों को आकार देने की वकालत की। इसके लिए उन्होंने देश की संस्कृति और ज्ञान के भंडार को ज्यादा समय देने की बात कही। वह पुणे में एक शैक्षणिक संस्थान द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में बोल रहे थे, जिसका विषय 'भारत की रणनीतिक संस्कृतिः वैश्विक और क्षेत्रीय चुनौतियां' रखा गया था। जयशंकर ने कहा, 'सवाल भारत की रणनीतिक संस्कृति को विकसित करने का है। यदि हम भारतीय खूबियों के साथ अंतरराष्ट्रीय संबंध बनाना चाहते हैं, तो क्या यह जरूरी नहीं है कि हम वास्तव में संस्कृति, ज्ञान और परंपराओं के अपने भंडार को देखने के लिए अधिक समय, ध्यान और उर्जा दें।' लंबे राजनयिक करियर वाले मंत्री जयशंकर ने अफगानिस्तान को लेकर अमेरिका की समझ पर ब्रिटेन के नैरेटिव के प्रभाव पर भी प्रकाश डाला और विविधता वाली संस्कृति के लेंस से भू-राजनीतिक स्थितियों को देखने की जरूरत पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ अफगानिस्तान को लेकर बातचीत का हवाला दिया। उन्होंने आगे कहा, अफगानिस्तान में बीस साल रहने के बाद भी अमेरिकी समझ ब्रिटेन के नैरेटिव से प्रभावित थी। दरअसल, मैंने वास्तव में उनसे पूछा कि क्या आपने कभी सोचा कि पेशावर जहां है, वहां क्यों है? चूंकि ब्रिटेन का औपनिवेशिक निर्माण वहां था, तो क्या हकीकत में डूरंड लाइन वहां थी? डूरंड लाइन अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच एक अंतरराष्ट्रीय सीमा रेखा है। उन्होंने आगे कहा, जिन लोगों ने अफगानिस्तान में अपना जीवन बिताया, उन्होंने महाराजा रणजीत सिंह के साम्राज्य के महान सिख योद्धा हरि सिंह नलवा जैसी शख्सियत के बारे में कभी नहीं सुना। नलवा अफगानिस्तान के साथ अपनी सीमा पर सिख सेना के कमांडर-इन-चीफ थे। यह आपको कुछ बताता है। यह आपको बताता है कि उन्होंने एक संस्कृति के लेंस से भूगोल को देखा है। जब तक हम अपने लेंस को सही जगह में रखने में सक्षम नहीं होते हैं, वे इसे कभी भी इस तरह से नहीं देखेंगे कि यह हमारे हितों की सेवा करेगा।

### तेलंगानाः 'नाम बदलने से नहीं बदल जाएगा भ्रष्टाचार का इतिहासः पीएम नरेंद्र मोदी

**हैदराबाद**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने शनिवार को कामारेड्डी में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' और सत्तारूढ़ बीआरस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भले ही टीआरएस ने अपना नाम बदलकर बीआरएस कर लिया और 'संप्रग' (यूपीए) ने अपना नाम बदलकर 'इंडिया' गठबंधन कर लिया, लेकिन इससे उनके भ्रष्टाचार और कुशासन का इतिहास नहीं बदल सकता है।

**'लोगों को धोखा देने के लिए अपनाते हैं हथकंडे'**

उन्होंने कहा कि भारत राष्ट्र समिति



(बीआरएस) और कांग्रेस के बीच समानता यह है कि वे लोगों को धोखा देने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, अचानक 'टीआरएस' को 'बीआरएस' बना दिया गया। इस साल ही 'यूपीए' को 'इंडिया' गठबंधन बनाया गया। देश के लोग इन चालों को अच्छी तरह समझते हैं।

**'बीआरएस को सत्ता से बेदखल करेगी जनता'**

पीएम मोदी ने कहा, 'नाम बदलने से उनका भ्रष्टाचार, कुशासन और वोट बैंक की राजनीति का इतिहास कभी नहीं बदल सकता।

### बीजेपी-बीआरएस के बीच मौन सहमति, हमने निकाली हवाः राहुल

**हैदराबाद**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि बीआरएस प्रमुख चंद्रशेखर राव को यह एहसास होना चाहिए कि यह कांग्रेस ही थी जिसने उस स्कूल और विश्वविद्यालय का निर्माण किया जिसमें उन्होंने पढ़ाई की।

**'इतिहास नहीं जानते कांग्रेस सांसद, राहुल गांधी पप्पू'**

राहुल के बयान से भड़के सीएम



केसीआर के बेटे केटी रामाराव ने कांग्रेस सासंद को पप्पू करार दिया। उन्होंने कहा, निजामाबाद में कहा, राहुल गांधी को इतिहास नहीं पता, वह 'पप्पू' हैं। केटीआर के अनुसार, जिस जगह पर आज राहुल गांधी आए थे, यह वही निजामाबाद है जहां राहुल गांधी के परदादा नेहरू जी ने आंध्र और तेलंगाना के बीच जबरन शादी कराई थी।

**कांग्रेस पार्टी खुद भ्रष्टाचार में डूबी**

केटी रामाराव ने कहा, तेलंगाना की जनता कांग्रेस के इतिहास से पूरी तरह वाकिफ है। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी को तेलंगाना के इतिहास के बारे में जो जानकारी है, उसे देखकर उन्हें दुख होता है... अगर राहुल गांधी आज भ्रष्टाचार के बारे में बात करेंगे तो लोग हंसेंगे क्योंकि कांग्रेस पार्टी खुद भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।'

### 'विकसित देश का सपना आदिवासियों से होकर गुजरेगा'



**भुवनेश्वर**

ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने कहा है कि भारत की उन्नति और विकास में जनजातीय छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। भारत को विकसित देश बनाना है तो आदिवासियों का विकास जरूरी है। उन्होंने जनजातीय सशक्तिकरण के लिए कीट और कीस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के योगदानों की प्रशंसा की।

वे शनिवार को भुवनेश्वर स्थित कलिंग इंस्टीट्यूट आफ सोशियल साइंसेस, कीस डीम्ड विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस दौरान करीब तीन सौ से अधिक छात्र-छात्राओं को स्नातकोत्तर और पीएचडी की डिग्री दी गई। डॉ. सामंत ने समारोह में आए अतिथियों और छात्रों के अभिभावकों का अभिनंदन किया। राज्यपाल ने कहा कि हमारे गृह राज्य झारखंड के हजारों आदिवासी छात्र इस शैक्षिक संस्थान के जरिए अपने सपने को साकार कर रहे हैं। यह आदिवासी समुदायों के लिए भी गर्व की बात है कि आजादी के 75 साल बाद भारत के पास द्रौपदी मुर्मु के रूप में एक आदिवासी नेता देश की राष्ट्रपति हैं। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचन्दन ने कीट और कीस की स्थापना के लिए डा. सामंत के धैर्य और दृढ़ संकल्प की सराहना की और छात्रों से यह निवेदन किया कि वे अपने पेशेवर जीवन को आगे बढ़ाते हुए अपने माता-पिता और मातृभूमि की सेवा को नहीं भूलें! पढ़ लिखकर कीस के छात्र चाहे भारत में रहें या विदेश में अपनी मातृभूमि को सदैव याद रखें।

### 'उल्फा कैडरों की घर वापसी के लिए सरकार ने शुरू की पहल'

**असम**

असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने शनिवार को कहा कि राज्य में उल्फा कैडरों के परिवार के सदस्यों से जुड़ने और उनके बच्चों को मुख्यधारा में वापस लाने में मदद करने के लिए एक पहल शुरू की गई है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) और भारतीय सेना के साथ राज्य पुलिस की संयुक्त पहल का उद्देश्य पूरे क्षेत्र में शांति और सुलह को बढ़ावा देना है। सिंह ने विभिन्न स्थानों पर



सुरक्षा कर्मियों के साथ बातचीत करते हुए उल्फा कैडरों के परिवार के सदस्यों की तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, "संघर्ष से सहयोग तकः शांतिपूर्ण भविष्य के लिए विश्वास-निर्माण की पहल।

उन्होंने कहा, पहल के तहत, उल्फा कैडरों के परिवारों को सेना या केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल शिविरों या पुलिस स्टेशनों में विश्वास निर्माण और उनके बच्चों को मुख्यधारा में लाने में मदद करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विश्वास-निर्माण गतिविधियों के लिए उल्फा कैडरों के परिवारों को आमंत्रित करने की पहल में क्षेत्र में शांति और सुलह को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं हैं।

### बाल-बाल बचे सीएम कोनराड संगमा

**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा बाल-बाल बचे हैं। मुख्यमंत्री संगमा के काफिले में मौजूद कार को एक पिकअप ट्रप ने टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री संगमा पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

एक पुलिस अधिकारी ने इस हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना सुबह लगभग साढ़े नौ बजे हुई। बकौल पुलिस, एक पिकअप ट्रक ने मुख्यमंत्री के काफिले की पायलट कार को टक्कर मार दी।

**कहां हुआ यह हादसा?**

मुख्यमंत्री संगमा के काफिले में पिकअप ट्रक ने ऊपरी शिलांग में टक्कर मारी, जब मुख्यमंत्री एक आधिकारिक कार्यक्रम के लिए भारत-बांग्लादेश सीमा के पास स्थित दाउकी शहर जा रहे थे।

**क्षतिग्रस्त हुआ वाहन**

पुलिस के मुताबिक, एक पिकअप ट्रक ने मुख्यमंत्री के काफिले की पायलट कार को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गाड़ियां आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं।

### स्पेस सेक्टर से अनावश्यक नियंत्रण हटाना जरूरीः इसरो प्रमुख

**नई दिल्ली**

**अंतरिक्ष** सेक्टर के विकास के लिए बेवजह रोकटोक और नियंत्रण से निजात पाने की जरूरत है। यह कहना है भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ का। उन्होंने शनिवार को भारत के पहले साउंड रॉकेट लॉन्च की 60वीं वर्षगांठ पर कहा, अंतरिक्ष सेक्टर के तेज विकास के लिए विनियमन बेहद जरूरी है। उन्होंने अंतरिक्ष सेक्टर में निजी कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने और बाहरी निवेश की जरूरत की तरफ भी संकेत किया। इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा कि भारत में बनने वाले उपग्रह काफी अत्याधुनिक हो चुके हैं। केरल में देश के पहले साउंड रॉकेट प्रक्षेपण की 60वीं वर्षगांठ पर उन्होंने कहा कि देश ने अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में उल्लेखनीय तरक्की की है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट सेक्टर के सहयोग से भारत




की उपग्रह निर्माण क्षमता काफी बेहतर हुई है।

**अंतरिक्ष सेक्टर में 130 से अधिक स्टार्टअप, एक हजार करोड़ तक कारोबार**

सोमनाथ ने कहा, भारत में उपग्रहों, प्रक्षेपण व्हीकल और संबंधित प्रौद्योगिकी के विकास और उत्पादन का जिम्मा केवल इसरो के पास था। उन्होंने कहा कि इसरो के साथ 17 हजार लोग जुड़े हैं और इसका बजट 13,000 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक हालात ऐसे ही रहे। इसरो प्रमुख के अनुसार, भारत में 130 से अधिक स्टार्टअप अंतरिक्ष क्षेत्र में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ कंपनियों में 400 से 500 कर्मचारी कार्यरत हैं। आर्थिक पहलू बताते हुए इसरो प्रमुख ने कहा कि इन कंपनियों में 500 से 1000 करोड़ रुपये तक का कारोबार होता है।

**भारत में अंतरिक्ष सेक्टर के व्यवसायिक विस्तार की संभावना**

उन्होंने कहा, कुछ कंपनियों में इसरो से भी बेहतर वेतन का ऑफर मिल रहा है। इनमें इसरो के सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों को भी रखा जा रहा है। इसरो प्रमुख ने कहा कि उपग्रह निर्माण के दृष्टिकोण से भारत एक उत्कृष्ट केंद्र बन सकता है। अर्थव्यवस्था के नजरिए से सोमनाथ ने कहा, व्यवसायिक रूप से भी भारत में अंतरिक्ष सेक्टर का उल्लेखनीय विस्तार हो सकता है।

उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी विकास और अंतरिक्ष विज्ञान में प्रगति जरूरी है, लेकिन व्यवसाय भी महत्वपूर्ण है। इस सेक्टर में निवेश भी लाना होगा। उन्होंने बताया, पांच भारतीय कंपनियां उपग्रह निर्माण करने की क्षमता से लैस हैं। इनमें से तीन कंपनियां विदेश से उपग्रहों का सफल निर्माण और प्रक्षेपण भी कर चुकी हैं। भारत में उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने की क्षमता का जिक्र करते हुए इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा, हम चाहते हैं कि वे हमारी सुविधाओं का इस्तेमाल करें। हम चाहते हैं कि उपग्रह भारत में बनाए जाएं, तकनीक जहां से चाहें वहां से ला सकते हैं, लेकिन निर्माण और लॉन्च भारत से किया जाए।

# नैनी में कंडक्टर पर हमले के आरोपी बीटेक के छात्र का एनकाउंटर

## पिस्टल से आरोपी ने पुलिस पर फायर झोंक दिया इस दौरान पुलिस ने भी बचाव में फायरिंग और छात्र के पैर में गोली लग गयी

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी औद्योगिक थाना क्षेत्र के डेज मेडिकल तिराहे के समीप शुक्रवार की सुबह इंजीनयरिंग के छात्र ने सिटी बस के कंडक्टर को चापड़ से मार के घायल कर दिया। घटना के बाद बस मे अफरा तफरी मच गयी। बस मे मौजूद लोग पुलिस को सूचना कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरु अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं मौके पर पहुंचे एसीपी करछना और थाने की पुलिस आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर थाने लेकर आई थी। छात्र से पूछताछ की गयी। जिसके बाद छात्र की निशानदेही पर उसे रात में पुलिस चांडी बंदरगाह हथियार बरामद करने के लिए अपने साथ लेकर पहुंची तभी बरामद पिस्टल से आरोपी ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। इस दौरान पुलिस ने भी बचाव में फायरिंग और छात्र के पैर में गोली लग गयी। मौके पर एसीपी भी पहुंचे और आरोपी को इलाज के लिए भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक सोराव के हाजीगंज का रहने वाला छात्र लारिस पुत्र मो यूनुस औद्योगिक क्षेत्र के एक इंजीनजरिंग कॉलेज में पढ़ता है। वह रोज माकोपोलो की सिटी बस से कॉलेज जाता था। उसी बस के कंडक्टर हरिकेश विश्कर्मा निवासी प्रतापुर सिमरी थाना सराय ममरेज से कुछ दिन पहले टिकट को लेकर विवाद हुआ था। कई दिनों से हो रहे विवाद से खून्नस खाये छात्र लारिस से शुक्रवार को फिर विवाद हो गया। उस दौरान लारिस ने अपने बैग से चापड़ निकाल कर कंडक्टर हरिकेश को मार दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर बस में गिर पड़ा। जिसके बाद बस में हड़कंप मच गया। घटना के आरोपी छात्र मौके से भाग निकला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल कंडक्टर को इलाज के लिए तत्काल स्वरूप रानी नेहरु चिकित्सालय भेज दिया। वहीं मौके पर एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान भी पहुंच गये। घटना के बाद आरोपी छात्र को पुलिस ने चांडी गांव के पास बंदरगाह से हिरासत में लेकर पुलिस थाने उठा लाई। छात्र से पूछताछ की जा रही थी। छात्र के मुताबिक उसके पास चापड़ के अलावा एक पिस्टल भी थी। जिसे उसने छिपा दिया था। पूछताछ के बाद हथियार की बरामदगी के लिए पुलिस की टीम आरोपी कल लेकर चांडी गांव पहुंची और हथियार को बरामद कराया। उसी दौरान पिस्टल निकालते वक्त आरोपी छात्र ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जिसके बाद पुलिस ने बचाव में गोली चलाई और छात्र के पैर में गोली लग गयी। जिससे वह गिर पड़ा। पुलिस ने आरोपी को इलाज के लिए कड़ी सुरक्षा में आस्पताल भेजा है। पुलिस आगे मामले की जांच कर रही है। औद्योगिक थाना प्रभारी सुभाष सिंह का कहना है कि छात्र ने कंडक्टर को चापड़ से मारा है। घटना की जांच की जा रही है। दोनों के बीच क्या विवाद है, इसका पता लगाया जा रहा है। फिलहाल कंडक्टर की हालत स्थिर है। हथियार बरामदगी के दौरान पुलिस पर फायरिंग के दौरान जवाबी फायरिंग में आरोपी घायल हुआ है। जिसे अस्पताल भेजा गया है।



# गुरु नानक जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई नगर कीर्तन व प्रभात फेरी

अखंड भारत संदेश

**कीर्तन यात्रा में शामिल हुए वर्तमान व पूर्व चेयरमैन नगर के सभासद प्रतिनिधियों ने बांटा प्रसाद**

**कोरांव।** गुरु नानक जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को नगर पंचायत कोरांव में नगर कीर्तन प्रभात फेरी यात्रा निकाली गई। नगर कीर्तन यात्रा में शामिल रहे नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी ने सिख समुदाय के लोगों का मान बढ़ाते हुए पूरे बाजार में नगर कीर्तन करते हुए शामिल रहे। नगर कीर्तन में शामिल महिला पुरुषों ने उत्साह के साथ भजन कीर्तन करते हुए पूरे बाजार में भ्रमण किया। उक्त नगर कीर्तन यात्रा का शुभारंभ गुरुद्वारा प्रांगण कोरांव से किया गया। नगर कीर्तन यात्रा में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी वर्तमान अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी समेत नगर के सभासद प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कीर्तन यात्रा को बाजार में घुमाने के बाद गुरुद्वारा प्रांगण पर ले जाकर पूजा पाठ के बाद लंगर आयोजित किया गया और कार्यक्रम का समापन किया गया। यात्रा की अगुवाई पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नरसिंह कुमार केसरी ने किया। सरदार त्रिलोक सिंह, सरदार बबलू, सन्नी सिंह ,जसबीर सिंह, रिंकू सिंह, खतू सिंह, मलकीत सिंह, रोकी सिंह, मनमीत सिंह सभी सिख समुदाय की माताएं बहनो के साथ नगर के समस्त व्यापारियों ने कार्यक्रम मे सिरकत किए।

# मांडा सीएचसी में निर्मित दम तोड़ रहा आक्सीजन प्लांट

अखंड भारत संदेश

## सालभर पहले सांसद ने किया था लोकार्पण



**मांडा।** सालभर पहले मांडा सीएचसी में ऑक्सीजन प्लांट का सांसद ने लोकार्पण किया, लेकिन अभी तक प्लांट शुरू नहीं हुआ। अब सांसद दोबारा उद्घाटन करेंगी, तब यह प्लांट शुरू होगा। सीएचसी में कोरोना वैक्सीन नहीं है। एक सप्ताह पूर्व 28 मार्च से मांडा सीएचसी में कोरोना की एनटीपीसीआर जांच शुरू कर दी गई है। एक साल पहले 21 अप्रैल 2022 को सांसद डाक्टर रीता बहुगुणा जोशी ने तत्कालीन सीडीओ शीपू गिरी व सीएमओ डॉ. नानक सरन , तत्कालीन अधीक्षक डॉक्टर सुरेश सोनकर के साथ मांडा सीएचसी में करोड़ों के लागत से बने 300 एलपीएम ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का लोकार्पण करके छोड़ दिया गया लेकिन धीरे धीरे सालभर बीत जाने के बावजूद अभी तक यह प्लांट शुरू नहीं हो पाया है। जिससे ऑक्सीजन प्लांट में लगे सारे मशीनों को धूल मिट्टी खा रहे है। लोगों ने बताया कि जबसे मांडा सीएचसी में जब से आकसीजंन प्लांट लगा है कभी भी इसको चालू नही किया गया जिससे मशीनों के सारे पुर्जे में जंग लग गयी है।आक्सीजंन प्लांट कब तक चालू हो सकता ये कोई नही कह सकता। साथ ही रख रखाव के अभाव में लाखों रुपये की लागत से बना आक्सीजन प्लांट कही दम ना तोड़ दे। और तो और उन्होंने मरीजों व कर्मचारियों के लिए शुद्ध पेय जल के लिए एक समरसेबल भी लगवाई थी जो अभी तक बंद पड़ा है। सीएचसी मांडा अधीक्षक डॉक्टर अजीत कुमार सिंह का कहना है कि सांसद दोबारा उद्घाटन शीघ्र ही करेंगी, उसी के बाद प्लांट शुरू हो सकता जिसका सभी कर्मचारियों को बेसब्री से इंतजार है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में 3 वर्षीय मासूम बच्ची की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत

अखंड भारत संदेश

## रत्योरा-बड़ोखर मार्ग पर बड़ोखरा गांव में हुआ हादसा



**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के बड़ोखरा गांव में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से सड़क पर गिरने के बाद गुजर रहे ट्रैक्टर से कुचलकर 3 वर्षीय मासूम बच्ची की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में बाइक पर गोद में लेकर बैठी महिला का पैर टूट गया। जानकारी के मुताबिक धीरू पुत्र मुखिया निवासी बारी चौरा थाना सोहागी मध्य प्रदेश शांति देवी पत्नी राजधर पाल निवासी बारी चौरा अपनी नातिन कंचन पुत्री संत लाल पाल निवासी टुड़ियार थाना कोरांव को बाइक पर बैठाकर कोराव थाना क्षेत्र के पचेड़ा गांव जा रहा था ।कि अभी वह बड़ोखरा गांव ही पहुंचा था कि दो भाइयों की आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से बाइक पर गोद में लेकर बैठी महिला सड़क पर गिर गई हादसे में गुजर रहे ट्रैक्टर से कुचलकर 3 वर्षीय मासूम कंचन की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं बाइक पर बैठी महिला शांति देवी का पैर टूट गया। हादसे की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में उपचार हेतु भर्ती कराया जहां चिकित्सको ने मासूम बच्ची को मृत घोषित कर दिया। घायल महिला का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ज्ञातव्य हो कि संतलाल पाल निवासी टुड़ियार की ससुराल मध्य प्रदेश के बारी चौरा गांव में है। संतलाल की पत्नी अपने मायके गई हुई थी जहां बच्ची कंचन का किसी वजह से पैर टूट गया था। जिसका उपचार कराने के लिए उसकी नानी बाइक से कोरांव थाना क्षेत्र के पचेड़ा गांव जा रही थी कि रास्ते में ही हादसे में बच्ची की मौत हो गई और नानी का पैर टूट गया। पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक व ट्रैक्टर को हिरासत में ले लिया है।और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया।

## न्यूज झरोखा

### विधायक करछना ने लाखों की लागत से बनने वाली कई योजनाओं का किया शिलान्यास



**करछना।** विधान सभा के विभिन्न गांवों मे विधायक पीयूष रंजन निषाद द्वारा धरवारा बघेड़ा और चंदौली ग्राम पंचायत में11लाख 84हजार की लागत के आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास किया तथा अपने मुख्यमंत्री त्वरित योजना अंतर्गत निर्मित सड़को ग्राम सभा भड़ेवरा में भुण्डा राजबहा से प्रा वि तक 33लाख की लागत से निर्मित सड़क तथा ग्राम सभा नीरिया में भष्मा मार्ग से कुंजन लाल पटेल के घर तक निर्मित इंटर लॉकिंग मार्ग 30लाख की लागत से बने मार्ग का लोकार्पण किया इस अवसर पर उपस्थित ब्लाक प्रमुख करछना कमलेश दिवेदी पूर्व मंडल अध्यक्ष अलख नारायण शुक्ला पूर्व प्रधान पवन कुमार मिश्रा बब्बू लाल निषाद प्रधान प्रतिनिधि धरवारा बीरू सिंह,राम पति देवी प्रधान बघेडा अनिल कुमार प्रधान चंदौली प्रधान अरई त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय उपाध्यछ भाजपा यमुनापार नन्हें पांडेय पूर्व प्रधान प्रमोद तिवारी राजेश शुक्ला शालिक तिवारी संतोष मिश्रा कार्तिकेय कुशवाहा राम बाबू पटेल मंडल महामंत्री राम मनोहर लोहिया गोरे लाल तिवारी मोनू तिवारी स्वामी शुक्ला आदि भारी सख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### यातायात व साइबर की जानकारी देकर छात्राओं को किया जागरूक



**बारा।** बालिका इंटर कॉलेज जसरा में साइबर क्राइम की रोकथाम एवं नारी सशक्तिकरण व यातायात गोष्ठी का आयोजन पुलिस आयुक्त प्रयागराज, एडीसीपी यातायात, एडीसीपी अपराध के निर्देशन के अनुपालन में जिला अपराध निरोधक कमेटी की तरफ से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व वित्त लेखा अधिकारी रह चुके सिन्हा जी एवं मुख्य अतिथि बालिका इंटर कॉलेज जसरा की प्रधानाचार्य श्रीमती मंजुलेश विश्वकर्मा मंचासीन रही।यातायात के नियमों को बताते हुए यातायात निरीक्षक अमित सिंह ने छात्राओं, समस्त स्टाफ एवं गणमान्य लोगों को जागरूक किया। चौकी प्रभारी गोहानिया गुप्ता जी ने साइबर क्राइम के बारे में कैसे किस तरह से ओटीपी के द्वारा पैसा ठग लोग कैसे निकाल लेते हैं, सभी चीज बताया।महिला सशक्तिकरण के बारे में घूरपुर थाने की महिला पुलिस ने सभी को जागरूक किया।संचालन लक्ष्मीकांत मिश्रा ने किया। सभा की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। आगंतुकों के आगमन के बाद विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत गया और सभा के अंत में प्रधानाचार्य एवं सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव ने संबोधन किया। इस मौके पर सभा के आयोजक कमलेश तिवारी एवं गिरिजा प्रसाद द्विवेदी, निहाल अहमद उपस्थित रहे।

### मऊआइमा के नगर पंचायत सीमा से लेकर कलन्दरपुर तक गिट्टियां बनीं खूनी

**डेढ़ माह पूर्व सड़क पर बिछाई गिट्टी पर अब तक नहीं हो सका डामरीकरण**



**मऊआइमा।** कलन्दरपुर से मऊआइमा कस्बा सीमा तक लगभग बारह किलो मार्ग को पक्की कराने के नाम पर डेढ माह पूर्व गिट्टियां फेंक कर डामरीकरण नहीं किया गया। जिससे गिट्टियां खूनी बन कर राहगीरों को जख्मी बना रही है। मऊआइमा नगर पंचायत सीमा से लेकर कलन्दरपुर मार्ग को मरम्मत के नाम पर पीडब्ल्यूडी द्वारा डेढ माह पूर्व सड़कों पर गिट्टियां डाल कर डामरीकरण न करके ऐसे ही छोड दिया गया है। बताते हैं कि मार्ग पर यदि कोई वाहन गुजरा तो पंचर हो जाती है अथवा गिट्टियां उड कर किसी को घायल कर देती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारह किलो मार्ग पर डेढ माह से गुजरना मुहाल हो गया है। बाइकों का पंचर होना, बाइकों से गिरना रोजमर्रा की तरह आम बात हो गई है। बताया गया कि उक्त मार्ग पर कई डिग्री कालेज मदरसा हैं जिससे छात्रों का रोज आना जाना कठिन बन गया है।इस मार्ग पर पडने वाले गांव के लोगों द्वारा मार्ग का नाम लेने पर वह पीडब्ल्यूडी को जमकर कोसने के अलावा जनप्रतिनिधियों को भी दिन रात कोस रहे हैं।

### तारडीह में निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**सहसों।** श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ से पूर्व तारडीह के सुदी का पूरा गांव में कथा व्यास आचार्य भोलेनाथ शुक्ला की अगुवाई में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यज्ञ मंडप में विद्वान आचार्य द्वारा कलश को पूजित करते हुए समस्त देवी देवताओं को आवाहित कर पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात भक्त नर नर नारियों ने पीत वस्त्र धारण कर कलश लेकर गांव की विभिन्न गलियों में भ्रमण करते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंची। इस दौरान महिलाएं मंगल गीत गाकर भगवान की आराधना करती रहीं। सायंकाल कथा व्यास ने श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य को बताते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से समस्त पापों से मुक्ति के साथ मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। इस मौके पर मुख्य यजमान कमलाकांत द्विवेदी सहित अन्य भक्तों ने व्यास पीठ एवं भगवान की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर अशोक तिवारी, बृजेश शुक्ला, प्रतीक पांडे, संजीव शुक्ला, रोहित पांडे, पवन शुक्ला, शुभम मिश्रा, श्याम नारायण द्विवेदी सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# हमें गर्व है कि आज हम दुनिया में सर्वाधिक उत्पादन करने वाले देशों में शामिल हैं : सांसद

अखंड भारत संदेश

## किसान सेवा सहकारी समिति के वार्षिक सामान्य निकाय की हुई बैठक




**जसरा।** हमारा देश किसान प्रधान देश है। हमें गर्व है कि आज हम दुनिया में सर्वाधिक उत्पादन करने वाले देशों में शामिल हैं। कोरोना जैसे त्रासदी के समय भी किसानों ने रिकॉर्ड उत्पादन किया है। किस देश की रीढ़ हुआ करता है। हमें किसानों के साथ सामंजस्य बना करके ही विकसित भारत का निर्माण करना है। उक्त बातें प्रयागराज की सांसद डॉ० रीता बहुगुणा जोशी ने जसरा किसान सेवा सहकारी समिति के वार्षिक सामान्य निकाय बैठक में किसानों को संबोधित करते हुए कही। डॉ रीता बगुना जोशी ने आगे कहा कि अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से निर्वहन करना व्यक्ति को किसानों से सीखना चाहिए। उन्होंने किसानों की समस्याओं का जवाब देते हुए कहा कि आज नैनो किसानों के खर्चे में कमी करने का एक सरल रास्ता है। किसानों को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि व जिला सहकारी बैंक लिमिटेड प्रयागराज के चेयरमैन शिव मोहन मौर्य ने कहा कि समितियों में ज्यादा से ज्यादा खाद पहुंचाया जा रहा है। जहां नहीं पहुंच पायी है वहां तत्काल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पिछली सरकार से ज्यादा आज किसानों के हित के लिए प्रदेश की सरकार काम कर रही है। किसान साहूकार की बजाय कोआपरेटिव बैंक से सम्बन्ध स्थापित कर तीन प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर कर्ज प्राप्त करें। प्रदेश सरकार किसानों के हित के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार डीएपी और यूरिया की जगह नैनो के प्रयोग पर बल दे रही है। कार्यक्रम के आयोजक जिला सहकारी बैंक लिमिटेड प्रयागराज के डायरेक्टर अनिल मिश्रा ने किसानों को समिति से जुड़ने का आह्वान किया। चेयरमैन प्रयागराज ने जिला सहकारी बैंक जसरा के शाखा प्रबंधक विश्वभर नाथ सिंह को जारी की ऋण सीमा सौंपी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समता मिश्रा व संचालन गया प्रसाद त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर हरीराम त्रिपाठी, राजाबाबू पाठक, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगतनारायण शुक्ला, ज्ञानेन्द्र पाठक, रामानंद त्रिपाठी, शम्भू नाथ खरे,विशेषर नाथ मिश्र, मनोज मिश्र, राजमणि पटेल, फूलचंद्र पटेल, त्रिभुवन नाथ पटेल, जगदम्बा पाठक, बब्बन सिंह, बंशराज सिंह, रामजी पाल, विजयराज यादव सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।



# यातायात नियमों का पालन कर जिएं खुशहाली का जीवन : मुकेश कोल

**विश्वनाथ जूनियर हाई स्कूल के बच्चों ने निकाली यातायात जागरूकता रैली**

**कोरांव।** तहसील मुख्यालय कोरांव के बगल स्थित विश्वनाथ प्रसाद जूनियर हाई स्कूल बैदवार कला के बच्चों ने यातायात जागरूकता रैली निकालकर अतरी सिकमी, श्रीनगर, पथरताल और बैदवार कलां गांव में जागरूकता संदेश देने का काम किया। जागरूकता रैली का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कोरांव मुकेश कोल द्वारा फीता काट कर किया गया। ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल ने बच्चों से कहा यातायात नियमों का पालन कर खुशहाली पूर्वक जीवन जिया जा सकता है। सभी बच्चों एवं अभिभावकों से मार्ग दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि राकेश शुक्ला प्रवक्ता रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप निरीक्षक अनुज राय ने बच्चों को यातायात जागरूकता से जुड़े सभी विषयों पर गहराई से उद्बोधन दिया और समझाया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य सूर्य प्रकाश यादव ने किया। कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों, बच्चों और शिक्षकों का विद्यालय के प्रबंधक अपर शासकीय अधिवक्ता उत्तर प्रदेश सरकार अनिल मिश्र ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद मिश्र, उपेंद्र कुशवाहा, मोहम्मद हुसैन, मुकेश पांडेय, अनिल सिंह, मदन गोपाल, आशीष कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# टौस नदी के किनारे रहने वाले लोग गांव के तट पर भव्यता से करें दीपोत्सव : योगेश शुक्ल

**देव दीपावली के मद्देनजर नदी के तट पर बसे गांव के लोगों से भाजपा नेता ने दीप जलाने का किया आह्वान**

**मेजा।** देव दीपावली के अवसर पर टौंस नदी के किनारे बसे लोग अपने अपने गांव के तट पर भव्यता के साथ दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित करें। उक्त उक्त उद्गार भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने आगामी 27 नवंबर को होने वाली देव दीपावली के मद्देनजर नदी के तट पर बसे गांव के लोगों का आह्वान करते हुए ब्यक्त किया। उन्होंने ने टौंस के तट पर रहने वाले सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस वर्ष देव दीपावली के उक्त अवसर पर सायं 5 बजे अपने - अपने गांव में टौंस के तट पर इस पर्व को ऐतिहासिक रूप से मनाएं जो क्षेत्र में मिशाल बन जाए। श्री शुक्ल के मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला ने बताया कि विगत वर्ष भाजपा नेता देवोत्थान एकादशी पर कोना गांव में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे और उसी वक्त टौंस नदी को गंगा स्वरूपा बताते हुए टौंस परिक्रमा का संकल्प लिया था। गौरतलब है कि बीते 11 दिसंबर से 21 दिसंबर 2022 के मध्य श्री शुक्ल ने अपने सहयोगियों के साथ मेजा तहसील के चौकी गांव के समीप टौंस और गंगा नदी का संगम है भाजपा नेता ने वहां से पद यात्रा प्रारंभ किया था और कोरांव तहसील स्थित टौंस बेलन संगम तक पैदल चलकर करछना के पनासा गांव में समापन किया था जिसकी दूरी लगभग 250 किमी थी। बता दें कि इसी संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से श्री शुक्ल आगामी देव दीपावली के पावन पर्व को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए आम जनमानस का आह्वान किया है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा वीरेंद्र शुक्ल हरिमोहन पांडेय अमीन सिंह गोपी निषाद कुलदीप पांडेय विष्णु प्रताप सिंह विवेक मिश्रा बनारसी पांडेय शिवकैलाश निषाद कमलेश निषाद ह्रदेश मिश्रा कमल मिश्र सहित अन्य लोग इस मुहिम में जहां शामिल रहे वहीं योगेश शुक्ल के मीडिया प्रभारी विनय कुमार शुक्ल पूरे कार्यक्रम को लेकर लगातार दौरा कर रहे हैं।

# सड़क पर करें ट्रैफिक रूल्स का पालन : एसीपी संतोष सिंह

अखंड भारत संदेश

## आरकेआईसी में जागरूकता कार्यशाला, बच्चों ने निकाली रैली



**शंकरगढ़।** जिला अपराध निरोधक कमेटी (डीसीपीसी) और प्रयागराज पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन शंकरगढ़ के राजा कमलाकर इंटर कॉलेज में किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव और यातायात नियमों के अनुपालन की अपील की गई और नगर में यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसीपी बारा संतोष सिंह ने बताया कि हमारे जीवन में यातायात की जानकारी और नियमों का पालन करना नितांत आवश्यक है।यातायात का पालन ना करने पर ज्यादातर दुर्घटनाएं हो रही है। डीसीपीसी के जिला सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव, एसओ मनोज कुमार सिंह और ट्रैफिक प्रभारी पवन कुमार पांडेय की मौजूदगी में चलाए गए अभियान में बच्चों को साइबर क्राइम से बचाव और जरूरत पडने पर हेल्प लाइन नंबर की जानकारी दी गई। थाने की पुलिस टीम के साथ-साथ यातायात टीम के निरीक्षक ने संयुक्त रूप से बताया कि मोबाइल पर आने वाले अज्ञात लिंक पर कभी भी क्लिक न करें और ओटीपी किसी को शेयर न करें। धोखाधड़ी की सूरत में तत्काल नजदीकी थाने या फिर साइबर हेल्प लाइन की वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराएं। 1930 पर तत्काल काल कर साइबर ठगी की जानकारी दी जा सकती है। इस दौरान सभी बच्चों से सड़क पर ट्रैफिक रूल्स को फालो करने की अपील की गई। इस दौरान हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों, शिक्षकों और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्तिपत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह, उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह, यातायात टीम से यातायात जागरूकता प्रभारी पवन कुमार पांडेय,डीसीपीसी बारा कमेटी प्रभारी आलोक गुप्ता, शंकरगढ़ प्रभारी जय केसरवानी, रोहित केसरवानी, रतन केसरवानी, विनोद कुमार केसरवानी, राजेश कुमार केसरवानी, अरविंद केसरवानी, संजय गुप्ता, दीपक केसरवानी, शिक्षक ओपी धारिया, संदीप सोनी, समाजसेवी नितीश शुक्ल, रामबोध खरवार,ओपी पुष्पकार,अनिल रॉय, आदि मौजूद रहे। संचालन डीसीपीसी के लक्ष्मीकांत मिश्र ने किया।अंत में प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने आयोजन के लिए डीसीपीसी का आभार जताया।

# महाकुंभ के दृष्टिगत कराए जा रहे हैं विभिन्न कार्यों का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का शनिवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया । इसमें सर्वप्रथम स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय से महात्मा गांधी मार्ग तक पीडीए द्वारा कराए जा रहे सड़क के चौड़ीकरण के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वहाँ लगाए जा रहे ईंटों की गुणवत्ता असंतोषजनक पाई गई तथा टीपीआईए को नमूना एकत्र कर परीक्षण करने के निर्देश दिए गए।तत्पश्चात झूंसी में कटका तिराहा (नरेश गार्डन) से झूंसी बस स्टैंड तिराहे तक पीडीए द्वारा कराए जा रहे सड़क के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य का निरीक्षण किया गया जिसके दौरान जीएसबी सामग्री एवं कॉम्पेक्शन का कार्य असंतोषजनक पाया गया। सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को प्रोजेक्ट वाइस जे0इ0 नियुक्त करने के निर्देश दिए तथा यूटिलिटी शिफ्टिंग के कार्य में तेजी लाते हुए सभी कार्य सड़क निर्माण शुरू करने से पहले पूर्ण करने को कहा।इसी क्रम में मंडलायुक्त ने 132/33 केवी एस/एस हेतापट्टी में यूपीपीसीएल द्वारा द्वारा कराए जा रहे सुरक्षा दीवार, सुरक्षा हट, गेट, कल्वर्ट तथा एप्रोच रोड के निर्माण एवं चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण के कार्यों का भी निरीक्षण किया। साइट पर असंतोषजनक कार्य पाया गया तथा ईंट चिनाई और कंक्रीट में गुणवत्ता नहीं मिली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सभी कार्यों को मानक के अनुरूप करने के निर्देश दिए। फाफामऊ और थरवई रेलवे स्टेशन के बीच किमी 44/12-13 पर लेवल एक्सिंग 40 ए पर सेतु निगम द्वारा बनाए जा रहे दो लेन आरओबी के निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया तथा सभी कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

## पीड़िता दिनभर थाने में मुकदमा दर्ज कराने के लिए बैठी रही, नहीं दर्ज किया गया केस

**दुराचार पीड़िता पर अब सुलह का बनाया जा रहा दबाव**

**मऊआइमा।** विवाहिता के साथ रिश्ते के भाई ने चार दिन पूर्व दुराचार किया परन्तु मऊआइमा पुलिस मुकदमा दर्ज कराने के लिए टाल मटोल करती रही। आरोप है कि अब सुलह करने का दबाव डाला जा रहा है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसई सिपाह निवासनीय एक विवाहिता का रिश्ते के भाई ने दुराचार किया बोलने पर हत्या की धमकी दी गई। पीड़िता दूसरे दिन से निरंतर परिजनों के साथ न्याय के लिए थाने में गुहार लगा रही है। परन्तु आज चार दिन से अधिक समय बीत गया शनिवार को पीड़िता थाने में मुकदमा दर्ज कराने के लिए दिनभर बैठी रही। मगर मुकदमा नहीं दर्ज किया गया आरोप है कि उल्टा सुलह के लिए दबाव डाला जा रहा है। इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि सुलह की बात झूठी है। आरोपी की तलाश में दबिश दे रहे हैं। आरोपी के गिरफ्तार होते ही मुकदमा दर्ज कर लेगें।

# जिलाधिकारी ने संगम क्षेत्र में पहुंचकर देव दीपावली की तैयारियों का लिया जायजा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल शनिवार को संगम क्षेत्र पहुंचकर 27 नवम्बर को आयोजित होने वाले देव दीपावली कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने वहां पर उपस्थित सभी सम्बंधित अधिकारियों को देव दीपावली कार्यक्रम को भव्य एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सौंपे गये दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने संगम सहित अन्य घाटों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराये जाने हेतु जिला पंचायतराज अधिकारी एवं नगर निगम को निर्देशित किया है। उन्होंने वहां पर पर्याप्त मात्रा में मोबाइल टॉयलेट, पीने के पानी तथा प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराये जाने का निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिया है। उन्होंने पुलिस विभाग को संगम क्षेत्र में देव दीपावली कार्यक्रम के अवसर पर लोगो के आने एवं जाने वाले मार्गों की तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है। कहा कि कार्यक्रम के दौरान वहां पर जाम की स्थिति न उत्पन्न होने पाये। विद्युत विभाग को जनरेटर, लाइटिंग एवं सजावट से सम्बंधित कार्यों को कराये जाने के लिए कहा है। पीडब्लूडी को चकर्ड प्लेट व मार्गों को व्यवस्थित किए जाने के लिए कहा है। गहरे पानी की सीमा पर बैरिकेटिंग के साथ-साथ जल पुलिस, गोताखोर की भी पर्याप्त संख्या में तैनाती सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने अग्निशमन विभाग को कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन की गाड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मार्गों पर साइनेज भी लगाये जाने के लिए कहा है। सुरक्षा की चाक-चैबंद व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने दीपदान कार्यक्रम के समय सेक्टर मजिस्टेज्टों को अपनी देखरेख में अपने-अपने सेक्टरों में समुचित ढंग से दीपों को जलवाये जाने के लिए कहा है। देव दीपावली कार्यक्रम के अवसर पर संगम क्षेत्र में सैण्डआर्ट, सेल्फी, लेजर शो किए जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, एडीएम नगर मदन कुमार सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नगर निगम प्रयागराज का रूख हुआ कड़ा, 2632 बकायेदारों को डिमांण्ड नोटिस जारी

**प्रयागराज।** वित्तीय वर्ष 2023-24 की वसूली में गति न आ पाने के कारण नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज द्वारा मातहतों से वसूली के सम्बन्ध में कड़ाई से समीक्षा करने के उपरान्त सभी सात जोनों में गृहकर के बकायेदारों का विवरण जोनल कर अधीक्षकों से प्राप्त करते हुए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0 द्विवेदी द्वारा सभी जोनों का सम्मिलित रूप से चिन्हित किये गये रू0-1 लाख से ऊपर के बकायेदारों की वसूलयावी हेतु कुल 2632 भवन स्वामियों को रेड नोटिस/डिमांण्ड नोटिस जारी किये जाने का निर्देश सम्बन्धित जोन के कर अधीक्षकों को दिया गया है।जोन में स्थित बकायेदारों के भवनों पर ताबड़-तोड डिमांण्ड नोटिस तामील/चस्पा करने की कार्यवाही कर्मचारियों द्वारा आरम्भ कर दी गयी है। जिसके एवज में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी का यह निर्देश है कि बकायेदारों को बकाया धनराशि जमा करने के लिए एक सप्ताह का अवसर है यदि वह इसके अन्दर बकाया धनराशि जमा नही करते है तो नगर निगम की अधिनियम 1959 की धारा 506, 507, 508 तथा 509 के अन्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।मुख्य कर निर्धारण अधिकारी से यह पूछने पर कि अबतक निगम द्वारा गृहकर वसूली में क्या उपलब्धि रही है। पी0के0 द्विवेदी द्वारा यह बताया गया कि विगत वर्ष के माह नवम्बर माह में की गयी वसूली 2 करोड़ 43 लाख के सापेक्ष 2 करोड़ 55 लाख वसूले गये। जबकि वित्तीय वर्ष में अभीतक विगत वर्ष की वसूली 43 करोड 22 लाख के सापेक्ष 52 करोड़ 39 लाख की वसूली की जा चुकी है। वसूली में कवर किये गये भवनों की संख्या में अभी तक 5000 हाउसहोल्ड का गैप बताया गया।मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा इंगित किया गया कि बकायेदारों से वसूली हेतु कड़े कदम उठाये जाने के संकेत दिये गये हैं एवं लापरवाही बरतने वाले राजस्व कर्मियों को भी कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कई को कारण बताओं नोटिस भी जारी कर दिया गया है। जिसको लेकर कर्मचारियों पर काफी प्रसाशनिक दबाव बना हुआ है।

## जिला पंचायत सदस्य ने सड़कों के निर्माण हेतु, लिखा, लोक निर्माण विभाग मंत्री को पत्र

**जंघई।** प्रतापपुर वार्ड नंबर एक से जिला पंचायत सदस्य बृजकुमारी पांडेय ने लोक निर्माण विभाग मंत्री उत्तर प्रदेश जितिन प्रसाद को पत्र लिखकर प्रतापपुर की विभिन्न सड़कों जिसमें सिंधौरा पक्की सड़क से सरोज बस्ती तक 350 मीटर सीसी रोड का निर्माण, मीरपुर में पक्की सड़क से रामचंद्र शुक्ल के घर तक 800 मीटर पक्की सड़क का निर्माण, ठटा गांव से जंघई बरना मार्ग से राधेश्याम मिश्र के घर के सामने से होते हुए रेलवे लाइन तक 400 मीटर पक्की सड़क का निर्माण कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया है।लोक निर्माण विभाग मंत्री को पत्र लिखकर जिला पंचायत सदस्य ने उपरोक्त मार्गों के निर्माण हेतु पत्र लिखा है और आग्रह किया कि इन मार्गो को बनवाएं ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके। क्षेत्र की जनता एवं महिलाओं को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण होने पर प्रतापपुर क्षेत्र के नागरिकों का कल्याण होगा और आवागमन सुचारू रूप से मजबूत होगा।

# दुल्हन घर पहुंचते ही हुई हर्ष फायरिंग, चार घायल

अखंड भारत संदेश

- सरायइनायत थाना क्षेत्र के चकमुजम्मिल गांव की है घटना
- हर्ष फायरिंग का आरोपी किलाकर्मी टेक्निकल कारपेंटर हुआ गिरफ्तार
- सभी घायल स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती

**झूंसी।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के चकमुजम्मिल गांव में दुल्हन घर आगमन की खुशी में की गई हर्ष फायरिंग में दुल्हन की चचेरी सास समेत तीन मासूम बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हर्ष फायरिंग का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मुंतजीपुर ग्राम सभा के चकमुजम्मिल मजरा गांव निवासी गुलाबचंद भारतीया के बेटे शिव प्रकाश उर्फ पिन्टू की बारात शुक्रवार को हंड़िया के बेल्हा गांव में गई थी। शनिवार दोपहर में बारात जब घर पहुंची तो घर की महिलाएं एवं बच्चे दुल्हन घर आगमन की खुशी में नाचने गाने लगे। इसी बीच गुलाबचंद का रिश्तेदार सोहबतियाबाग निवासी प्रकाश संरोज अपनी लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से हर्ष फायरिंग करने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक फायरिंग करते समय दूसरी गोली मिस हो गई। प्रकाश ने मिस फायर को चेक करने के लिए बंदूक की नली को जैसे तोड़ा तभी गोली दग गई। गोली दगते ही चीख पुकार के साथ वहां अफरा तफरी मच गई। खुशियों का पल मातम में बदल गया। हर्ष फायरिंग में गुलाबचंद के छोटे भाई प्रेमचंद की पत्नी सुषमा देवी (42) उसके बड़े भाई यदुनाथ की बेटी के साथ गुड़गांव से आए दो नाती रक्षित (11), गोलू (9) पुत्रगण ललित तथा गुलाबचंद के साढू उतरांव के मोहम्मदाबाद गांव निवासी राकेश सरोज का पुत्र विवेक (11) घायल हो गए। आनन फानन में परिजन सभी घायलों को लेकर नजदीक फतूहां एक निजी चिकित्सक के पास पहुंचे। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्वरूपरानी अस्पताल भेज दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन के बाद मुख्य आरोपी प्रकाश संरोज को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि आरोपी प्रकाश संरोज किला में टेक्निकल कारपेंटर है। दूल्हा शिव प्रकाश की तहरीर पर हर्ष फायरिंग की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**वर्जन**

हर्ष फायरिंग में घायल एक महिला समेत तीन बच्चे का स्वरूपरानी अस्पताल में इलाज चल रहा हैं। सभी खतरे से बाहर हैं। हर्ष फायर करने वाले अभियुक्त प्रकाश संरोज को हिरासत में लिया गया है। तहरीर प्राप्त कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**-अभिषेक भारती डीसीपी गंगानगर**

## न्यूज झरोखा...

### प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा बृजनंदन सिंह का किया गया स्वागत



**प्रयागराज।** प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा बृजनंदन सिंह का किया गया स्वागत एवं अभिनंदन भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा महानगर प्रयागराज के जिला अध्यक्ष राजेश सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत प्रदेश भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के मंत्री बृजनंदन सिंह का माल्यार्पण कर वस्त्र प्रदान करके हार्दिक स्वागत किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजनी सिंह महामंत्री सनी सिंह महामंत्री सुशील मिश्रा मंडल अध्यक्ष शारदा ओझा सुनील विश्वकर्मा दिव्यांग प्रकोष्ठ महानगर संयोजक महामंत्री उमेश कार्यालय मंत्री धर्मराज पटेल उपाध्यक्ष रमेश पटेल भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महेवा कला में पशु आरोग्य मेले का हुआ आयोजन, 1450 पशुओ का स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया गया



**मांडा।** क्षेत्र के महेवा कला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर एक दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय मेले का आयोजन किया गया। शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय पशु आरोग्य मेले का शुभारम्भ पशु चिकित्सक डॉ प्रदीप कुमार मिश्र ने फीता काट कर किया और गायों का माल्यार्पण एवं प्रज्जवलित कर गायों को दूध की गंगा बताया। मां के दूध के बाद गाय का ही दूध पवित्र, लाभदायक माना गया है। जिसमे कुल 1450 पशुओ का स्वस्थ प्रशिक्षण करके निः शुल्क दवा का वितरण किया गया। मेले में बैजनाथ प्रजापति,मोबाइल वेटनरी पुनीत कुमार, डॉ मान सिंह, पीजी सुजीत कुमार सिन्हा, रोहित सोनकर, फर्माशिष्ट आदि लोगो ने भाग लिया। वहीं पशु चिकित्सक ने बताया कि 27 नवम्बर को तिसेनतुलापुर में मेले का आयोजन किया गया है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में छाया रहा सरकारी चकमार्ग का मुद्दा




**लालापुर।** लालापुर थाने में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर सरकारी चकमार्ग व सरकारी नाली की मुद्दा पूरे समय छाया रहा।समाधान दिवस पर पहुंचे तहसीलदार बारा गणेश ने सभी की समस्याओं को सुना और हल्का के राजस्व कर्मियों को जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया । इस मौके पर एसओ लालापुर अजय कुमार मिश्र ने सभी फरियादियों को शांति बनाए रखने की बात कही । लेखपाल अखिलेश ,मिथिलेश, कानूनगो अभय सिंह,आशीष मिश्र,हीरा लाल,शेरसिंह, शंकर लाल पांडेय सहित दर्जनो लोग मौजूद रहे।

# एक्यूप्रेशर से स्वास्थ्य की दिशा में एक अलग राह मिली है : नरेंद्र सिंह गौड़

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** एक्यूप्रेशर संस्थान के राष्ट्रीय सम्मेलन में तीसरे दिन शनिवार को आयरलैंड के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. बृजेंद्र पांडे ऑनलाइन व्याख्यान देते हुए कहां की एक्यूप्रेशर चिकित्सा को मैंने नजदीक से देखा है। उन्होंने कहा कि इसका प्रभाव चमत्कारिक है एलोपैथी चिकित्सा होते हुए भी मैंने इसका उपचार लिया है और लेता रहूंगा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व शिक्षामंत्री डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह गौड़ कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि एक्यूप्रेशर संस्थान के कार्य से ना सिर्फ स्वास्थ्य की दिशा में एक अलग राह मिली है बल्कि प्रयागराज का गौरव विश्व पटल तक फैला है। प्रो. प्रभात वर्मा ने स्पाइन की संरचना को तीन भागों मे बाँटकर उपचार सूक्ष्मतम स्तर पर कैसे पहुँचे इस विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. राम कुमार शर्मा ने इसी कड़ी में स्पाइन की संरचना में क्या परिवर्तन होने पर रोग प्रकट होता है। यह बताते हुए आयुर्वेदिक एक्यूप्रेशर से हुये उपचार के परिणामों के बारे में बताया। डॉ. दीपक गुप्ता (प्रसिद्ध रेडियोलॉजिस्ट) ने ऐलोपैथिक विधा के महँगे होने पर चिंता व्यक्त की।प्राचार्य एपी सिंह ने डॉ. गुप्ता का स्वागत करते हुए उन्हें एक्यूप्रेशर परिवार का सदस्य बताया। अध्यक्ष जेपी अग्रवाल ने स्पाइन के रोग, पारकिन्सन, मस्तिष्क आदि रोगों के सरलतम उपचार प्रस्तुत किया। एक्यूप्रेशर संस्थान से जुड़कर कार्य करने वाले देशभर से आये उत्कृष्ठ केन्द्र संचालन का पुरस्कार 17 केन्द्र संचालकों को दिया गया। इस दौरान एसके गोयल, रामकुमार शर्मा, प्रभात वर्मा, विशाल, उर्वशी उपकध्याय, डॉ. अभय तिवारी, सुनील मिश्रा, अनिल शुक्ला, गीता गर्ग,अर्चना त्रिवेदी, आरएन गुप्ता, अंशु अग्रवाल, करन केसरवानी, पीयूष विश्वकर्मा, गोविन्द सिंह आदि मौजूद रहे।

## रोजगार मेले में 46 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज परिसर में शनिवार को प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में डिजर्व कैरियर केयर प्रा.लि. द्वारा 06, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा.लि. द्वारा 04, न्यू ईरा कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन द्वारा 03, साईं सर्विसेज प्रा.लि. द्वारा 03, नेटेक्स फाउंडेशन द्वारा 28 एवं गोल्डेन फार्मर आर्गेनिक एग्रीकल्चर प्रा.लि. द्वारा 02 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। उक्त मेले में कुल 46 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 170 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मेला प्रभारी अधिकारी प्रशांत एवं गुलाब चन्द्र मौर्य, स.जि.रो.स अधिकारी तथा मेला प्रभारी मारूफ अहमद एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। मेले में कैरियर काउंसलिग राम भरोसे वर्मा, अनु. द्वारा किया गया।

## 3 महीने से अधिक बीते एक हत्यारोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी पुलिस !

**केस डायरी विवेचना और पर्चा दाखिला में खेल करने वाले थाना पुलिस के कारनामों की जांच कर दंडित किए जाने की मांग**

**प्रयागराज।** पूरामुफ़्ती थाना क्षेत्र के अशरफपुर गांव में 16 अगस्त को सेवती देवी पत्नी संतलाल को लाठी डंडे से जमकर पीटा गया था इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है मामले में पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 161 सन 2023 अभिलेखों में चार लोगों के विरुद्ध दर्ज कर लिया है ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी महिला की मौत का कारण कार्डियक दिल की धड़कन रुकने की वजह बताया है शरीर में गंभीर चोट के निशान पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दर्ज है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक मृतक महिला के सिर में 10 सेंटीमीटर चौड़ा चार सेंटीमीटर गहरा चोट का निशान है तीन आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया लेकिन चौथा आरोपी तीन महीने से अधिक बीत जाने के बाद पुलिस के गिरफ्त में नहीं आ सका है चचाओं पर जाए तो चौथा आरोपी इलाके में खुले आम घूम रहा है सूत्रों की माने तो पुलिस की अपराधियों से साठगांठ हो गई है और इस पूरे मुकदमे की चार्ज सीट केस डायरी और पर्चा में खेल करने के जुगाड़ में थाना पुलिस लगी है जिसका लाभ हमलावरों को मिल रहा है हत्या के इस मामले को पुलिस दुर्घटना साबित करने में जी जान से लगी है सूत्रों की माने तो विवेचक ने अदालत में जो केश डायरी और पर्चा जो दाखिल किया है उसमें सीढ़ी से गिरने की बात दर्शाई गई है जिसका लाभ आरोपियों को मिल रहा है जबकि मारपीट का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ था हमलावरों ने जमकर लाठी डंडे चलाएं हैं घटना देखकर लोगों की रूह कांप गई है लेकिन थाना पुलिस जिस तरह से अपराधियों के बचाव में लगी है पूरी पुलिस वर्दी शर्मसार हो रही है पीड़ित परिजनों ने अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज का ध्यान आकर्षित करते हुए नामजद व्यक्ति की गिरफ्तारी केस डायरी विवेचना और पर्चा दाखिला में खेल करने वाले थाना पुलिस के कारनामों की जांच कराते हुए दोषी पुलिस को दंडित किए जाने की मांग की है।

## सहायक पुलिस आयुक्त ने थाना समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं



**मेजा।** मेजा कोतवाली पर सहायक पुलिस आयुक्त विमल किशोर मिश्र एवं तहसीलदार मेजा रवि प्रकाश सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित किए गए।इस दौरान दोनों अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों की समस्याएं बड़ी ही गंभीरता से सुनी और निस्तारण करने का प्रयास किया।इस दिवस में जमीन से जुड़ी शिकायते विशेष रही साथ ही अवैध कब्जे हटवाने, गलत नामदर्ज व मारपीट के मामलों में कार्रवाई की मांग शिकायतें प्रमुखता से रही।वही सभी शिकायतों को अधिकारियों ने एक सप्ताह के अंदर समाधान करने हेतु संबंधित अधिकारियों को दिया।इस दौरान शिकायतों के निस्तारण करने में थानाध्यक्ष मेजा राजेश उपाध्याय दरोगा इंद्रजीत यादव थाना पुलिस के साथ सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक हल्का लेखपाल आदि ने शिकायतों को निस्तारण में सहयोग दिया।

## पैरंट मीडिया इलेवन ने टीचर इलेवन को 8 विकेट से हराय

**नैनी।** नैनी केंद्र सरकार द्वारा फिट इंडिया प्रोग्राम के तहत नैनी स्तिथ बेथनी कॉन्वेंट स्कूल के प्ले ग्राउंड में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें पेरेंट्स मीडिया इलेवन बनाम शिक्षक इलेवन के बीच मैच खेला गया। मैच में पेरेंट्स मीडिया इलेवन ने शिक्षक इलेवन को 8 विकेट से शिकस्त दी। पेरेंट्स मीडिया इलेवन के कप्तान सैय्यद आकिब रजा जबकि शिक्षक इलेवन के कप्तान जॉनसन टोप्पो थे। पेरेंट्स मीडिया इलेवन की तरफ से अजय यादव ने नाबाद 44 रन की पारी खेली। इससे पहले शिक्षक इलेवन ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित 15 ओवर में शिक्षक इलेवन ने सभी विकेट खोकर 71 रन बनाए। जिसमें मोहम्मद साबिर, हर्ष कुमार और सैफ ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उधर पेरेंट्स मीडिया इलेवन की तरफ से कृष्णा, नसीम और इशरत ने दो दो विकेट लिए जबकि सनोज, अनवर और, सैयद रजा के खाते में एक एक विकेट आया। पेरेंट्स मीडिया इलेवन ने 5 ओवर शेष रहते हुए लक्ष्य को पूरा कर लिया। सलामी बल्लेबाज अजय यादव ने नाबाद 44 रन बनाए जिसमें दो छक्के और तीन चौके शामिल रहे। बेथनी कॉन्वेंट स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर शामिता ने विजेता टीम को बधाई दी और सम्मानित किया।

# धूमधाम से मनाया गया ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल में बाल मेला



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरूवा, मवैया, रामनगर, प्रयागराज में अंग्रेजी माध्यम से मान्यता प्राप्त ज्ञानदीप इण्टरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस मेले मे अभिभावक एवं अतिथियो की भीड रही । इस आयोजन मे प्रमुख अतिथि आलोक तिवारी अधिवक्ता हाई कोर्ट रहे। स्कूल के संस्थापक अशोक कुमार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यपर्ण एवं पुजन किया और आलोक तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर इस बाल मेला एवं सास्कृतिक कार्यक्रम का सुभारम्भ किया। पलक श्रीवास्तव ने वडे ही सुन्दर गीत से आये हुए अतिथि का स्वागत किया। आयुष्मान तिवारी आन्या तिवारी ,आदर्श वर्मा जान्हवी ने राम ,सीता ,लक्ष्मण एवं हनुमान के रुप मे सभी दर्शको का मन मोह लिया। काजल एवं जिया का वो गणेश की मम्मी पर बहुत ही सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। जिसे अभिभावकों ने भी काफी सराहा। कौवाली उडता सुरज पर बच्चो ने जोरदार अभिनय किया जो काफी काविले तारीफ रहा। स्कूल की अध्यापिका कामीनी का सुन्दर गीत एवं श्रीमती नीलम का स्पीच काफी सराहा गया। इसमें तान्या ,पलक ,नेहा ,शिवागी, श्रेया अमृता, शिवाशी आदि बच्चो द्वारा बहुत सुन्दर डांस प्रस्तुत किया गया। बाल मेले में बच्चों ने तरह तरह के ब्यजन बनाये अभिवावको ने बच्चो के साथ समोसा, आलूदम,कटलेट, चाट, फुल्की, चाउमीन फाई ,राइस ,ब्रेड ,पकौडा ,दही बडा ,बर्गर आदि का मनोरंजन के साथ जायके दार स्वाद का आनन्द लिया। स्कूल के संथापक अशोक कुमार ने आये हुए मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करके एवं सप्रेम भेद देकर स्वागत किया। मेले मे आये अन्य समस्त अतिथियों एवं पत्रकारों को स्कूल के प्रबन्धक डॉक्टर नीरज कुमार ने अगवस्त्र एवं स्मृति चिहन के साथ स्वागत किया। इस कार्यक्रम का संचालन प्राजल पान्डेय एवं आकृति शुक्ला ने किया। स्कूल के डायरेक्टर श्रीमती दुर्गा देवी ने कहा कि ज्ञानदीप इण्टरनेशनल स्कूल में शिक्षा संस्कृति एवं स्वास्थ्य सभी का ध्यान दिया जाता है।अतः यह आवश्यक है कि बच्चों का सांस्कृतिक,मानसिक तथा पाक कौशल सभी का समुचित विकास होने के लिए समय समय पर ऐसा होता रहेगा।

प्रधाचाचार्य शेषनाथ तिवारी ने आये हुए सभी अभिभावको का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन आकृति शुक्ला मैम और प्रांजल पांडेय ने किया जो कि सराहनीय रहा। इस अवसर पर श्री एस द्विवेदी, आर० के० शर्मा०, अजीत सिंह, कामिनी, दीप चन्द, विनीत,आशुतोष, ज्योतिःनीलम, अतीर्का, जाग्रीती, सीमा सहित सभी स्कूल के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर का मुल्जिम न्यायालय में हाजिर न होने पर 82 की नोटिस चस्पा

**मऊआइमा।** गैंगस्टर के मुल्जिम का न्यायालय में हाजिर न होने पर मऊआइमा पुलिस ने मुनादी करा कर 82 की नोटिस चस्पा कर दी है। मऊआइमा थाने के इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार कुशवाहा हमराही पुलिसकर्मियों द्वारा गैंगस्टर के आरोपी बेलाल पुत्र नन्हें उर्फ गुलफाम ग्राम माधवपुर थाना जेठवारा प्रतापगढ़ द्वारा न्यायालय में हाजिर न होने पर 82की नोटिस घर पर चस्पा कर मुनादी करायी गयी। बताया गया कि यदि आरोपी हाजिर नहीं हुआ तो 83की नोटिस न्यायालय से लेकर बेलाल के घर को कुर्क कर लिया जाएगा।

**नाम संशोधन**

मेरी पुत्री का नाम त्रिषा केसरवानी (TRISHA KESARWANI) है। कुछ सरकारी अभिलेखों में उसका नाम त्रिषा अंकित है जो गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को त्रिषा केसरवानी के नाम से जाना जाए।

**सचिन केसरवानी**
**निवासी -सहसों, प्रयागराज ।**

# महानाट्य जाणता राजा का मंचन देखने हजारों की संख्या में गये लोग

## संतों को प्रांत प्रचारक ने सौंपा चेतना प्रवाह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व प्रसिद्ध महानाट्य जाणता राजा का मंचन देखने के लिए प्रतापगढ़ से सैकड़ों वाहनों से हजारों की संख्या में लोग काशी पहुंचे। इस अवसर पर महामण्डलेश्वर यतींद्रानंद गिरी, सद्गुरु रितेश्वर महाराज, माँ अन्नपूर्णा मंदिर के महंथ शंकर गिरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश, प्रोफेसर ओम प्रकाश पांडेय ने शिवाजी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर वेद मंत्र उच्चारण के मध्य कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।



संतों को चेतना प्रवाह सौंपते प्रांत प्रचारक रमेश।

इस अवसर पर विश्व संवाद केंद्र, काशी द्वारा प्रकाशित चेतना प्रवाह के हिंदवी स्वराज अंक को प्रांत प्रचारक रमेश और पत्रिका के प्रबंध संपादक नागेंद्र द्विवेदी ने पूज्य संतो को प्रदान किया। नाट्य मंचन के शुभारंभ पर महामंडलेश्वर यतींद्रानंद महाराज ने कहा कि नाट्य मंचन के द्वारा छत्रपति शिवाजी के पूरे जीवन चरित्र का वर्णन हो रहा है। वीर शिवाजी का व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। प्रतापगढ़ की आयोजन समिति के सचिव डॉ सौरभ पांडेय ने बताया कि पूरे आयोजन में भव्य मंच, बेहतर लाइट साउंड,संवाद, के साथ भारी भरकम स्टार कास्ट ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन चरित्र को आंखों के सामने जीवंत कर दिया।

पिछले दो माह से नाट्य मंचन को देखने की तैयारी चल रही थी, जिसमें सभी कार्यकताओं ने अभूतपूर्व योगदान दिया है। इस अवसर पर विभाग प्रचारक प्रवेश, सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्त, विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्णांशु ओझा, डॉ राकेश सिंह, अनिल प्रताप सिंह, डॉ सलिल श्रीवास्तव, रमेश त्रिपाठी, हरीश, चिंतामणि दुबे, जिला प्रचारक शिव प्रसाद, आशीष श्रीवास्तव, शिव प्रकाश मिश्रा सेनानी, सिंधुजा मिश्रा, दिनेश गुप्ता, डॉ शक्ति कुमार पांडेय, ओमप्रकाश त्रिपाठी, राजेश सिंह, अनुराग मिश्रा, ओम प्रकाश पांडे गुड्डू, राजेश मिश्रा राजन, भूपेश त्रिपाठी, सुनील दुबे, डॉ शिवानी मातनहेलिया, पिंकी दयाल, रंगनाथ शुक्ला, नितेश प्रताप सिंह, विनोद शुक्ला, अमित शुक्ला, आलोक गर्ग, विवेक उपाध्याय, पवन गौतम, रुचि केसरवानी, शिशिर खरे,डॉ पीयूष कांत शर्मा के साथ ही हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# शैक्षिक टूर में न्यू एंजिल्स के बच्चों ने खूब उठाया लुत्फ

## कक्षा-6 से 8 तक के बच्चों का गया था शैक्षिक टूर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के कक्षा 6, 7 व 8 के छात्र एवं छात्राओं का एक शैक्षिक टूर प्रातः 6 बजे विद्यालय के ओल्ड कैम्पस से लखनऊ के लिये रवाना हुआ। लगभग 75 बच्चे अपने टीचर्स आर के सिंह, आर के मिश्रा, रमेश यादव, अभिनव, रेखा शुक्ला, सुमन सिंह, शिखा पाण्डे संग लखनऊ पहुंचे। वहाँ से पीजी आई होते हुए वृन्दावन गेट से अन्दर जाते हुए जैसे ही बसें शहीद पथ पर चढ़ीं। बच्चे खुशी से भारत माता की जय का उदघोष करने लगे।

इस दौरान लखनऊ के चिड़ियाघर पहुँच गये जहाँ बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पशु पक्षी देखे



शैक्षिक टूर में शामिल छात्र व स्टाफगण।

कौतूहल का विषय सफेद टाइगर था। काफी लम्बा समय जू में बिताने के बाद बच्चे साइंस सिटी पहुँचे। साइंस सिटी में विज्ञान से सम्बन्धित सभी चित्र देखा और नयी नयी जानकारियाँ मिली। यहाँ का मुख्य आकर्षण आंचलिक विज्ञान नगरी था जिसे देखने के लिये बच्चे लालायित थे। बच्चों को विज्ञान का थ्री डी शो भी दिखया गया। इस दौरान बच्चों ने जनेश्वर मिश्र पार्क का भी आनन्द लिया और लौटते समय यू पी 112, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, जगमगाते हुए पलाशियो और लू लू माल को देखकर बच्चे बहुत खुश हुए। इस दौरान प्रधानाचार्य बी.के सोनी, मैनेजर (एच आर) एफ जीनत के निर्देश में सभी बच्चे प्रतापगढ़ वापस हुए।

# शहर के जोगापुर में पकड़े गये 11 छुट्टा पशु

## 31 दिसम्बर तक नगर पालिका चलाएगी अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर में आवारा छुट्टा पशुओं की नगर पालिका द्वारा धरपकड़ रोज की जा रही है। बताया जाता है कि जिलाधिकारी संजीव रंजन ने आगामी दिसम्बर माह तक शहर के सभी छुट्टा पशुओं को पकड़ने के निर्देश दिये हैं, जिस पर नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व ईओ राम अचल कुरील ने छुट्टा पशुओं की धरपकड़ के लिये दो टीम बना दी है, जो रोजाना विभिन्न क्षेत्रों में छुट्टा पशुओं की धरपकड़ कर रही है।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को जोगापुर में 11 आवारा छुट्टा पशु पकड़े गये जिन्हें बराछा स्थित गोशाला भेजा गया है। इस बारे में नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि यदि छुट्टा पशुओं की धरपकड़ में पशुओं की संख्या बढ़ी तो अस्थायी गोशाला बनाकर पकडे. गये छुट्टा पशुओं को रखा जाएगा। बता दें कि शहर के मुख्य मार्गों के अलावा गली कूचों में छुट्टा पशुओं का बोलबाला है जो आवागमन प्रभावित करते हैं। कभी-कभी तो दुर्घटना हो जाती है। इसी समस्या से निजात पाने के लिये नगर पालिका छुट्टा पशुओं के विरुद्ध यह अभियान चला रही है।



बाल विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि।

## प्रभात एकेडमी में लगी बाल विज्ञान प्रदर्शनी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रभात एकेडमी में शनिवार को बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी चार हाउस नालंदा, कौशाम्बी, तक्षशिला एवं विक्रमशिला के बाल वैज्ञानिकों द्वारा वर्किंग एवं नान वर्किंग माडल लगाये गये। बाल विज्ञान प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि के रुप में एमडीपीजी कालेज की प्रो0 किरन मिश्रा व विशिष्ट अतिथि के रुप में शिखिर खरे मौजूद रहे। इस दौरान प्रदर्शनी में कक्षा-1 से कक्षा-12 तक के बाल वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रधानाचार्य प्रभात शर्मा भी मौजूद रहे।

## जनसुविधा केंद्र का बाइक सवार उचक्को ने लैपटाप उड़ाया

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के पाइकगज बाजार परियावां मे माता मैय्या धाम मंदिर के गेट के सामने स्टाम्प बिक्रेता के मकान में किराये के कमरे मे ऊंचाहार थाना क्षेत्र के अरखा निवासी पंकज सोनकर पुत्र बब्लू सोनकर जन सुविधा केंद्र खोल रखी है शनिवार की दोपहर लगभग तीन बजे दुकान खुली छोड़कर सामने माता मईया गली के अंदर पेशाब करने चला गया लौटकर दुकान आया तो सामने लैपटाप गायब देख हक्का बक्का रह गया बगल मे पड़ोसी कपड़ा प्रेस करने वाले से पूछा तो बताया कि एक लड़का बाइक स्टार्ट किये हुए नवाबगंज की तरफ जाने के लिए खड़ा था लैप टाप दुकान से चुराने वाले को नही देख पाये सरेआम दुकान से लैपटाप चोरी होने से ब्यापारियों मे हड़कंप मच गया आस पास के लोगो ने बाइक सर्वा यवकों का चेहरा याद करने का प्रयास किया लेकिन पता नही सका। चोरी गये लैपटाप की कीमत 25 से 30 हजार बताई जा रही है।

# गृहस्थी के सभी सामान लेकर नम आंखों से दुल्हनें चली पिया के घर

## जिला उमरवैश्य समाज सभा द्वारा आयोजित 15वाँ सामूहिक विवाह संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला उमरवैश्य समाज सभा द्वारा आयोजित 15वाँ सामूहिक विवाह देर रात संपन्न हुआ। विवाह के पश्चात दुल्हनों को गृहस्थी बसाने के लिए पूरा सामान दिया गया। सभी वर कन्याओं को बेड, सिंगार दान, रजाई, गद्दा सेट, पायल, सोने का मंगलसूत्र, बिछिया, घड़ी जेन्स, घड़ी लेडिज, अलमारी, सिलाई मशीन, एलइडी टीवी, ट्रॉली बैग, पंखा, चूड़ी केश, मेकअप बॉक्स, 5 सेट बर्तन, परात लोटा, गागरा, कुकर, प्रेस, लेमन सेट, स्टील टंकी, कंबल, नमक तेल का



दूल्हा-दूल्हा को विदाई देते क्लब के पदाधिकारी।

डिब्बा, माठ, लड्डू ,5 सेट साड़ी आदि गृहस्थी बसाने के समान प्रदान कर सभी दुल्हनों को नम आंखों से विदाई की गई।

समाज सभा के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने 15वें सामूहिक विवाह के सकुशल संपन्न होने पर पुलिस प्रशासन, मीडिया परिवार, देश से आए हुए समाज के पदाधिकारी व सभी सहयोगियों, दानदाताओं एवं इस 15वें महायज्ञ में अपनी-अपनी तन मन धन से आहुति देने वाले सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

इस अवसर पर डा0 दयाराम मौर्य रत्न, आरबी सिंह, राजीव आर्य, आनंद मोहन ओझा, स्वप्निल उमरवैश्य,विनय कुमार उमरवैश्य भदोही, मक्खन लाल सूरत, लोकेश कुमार बिहार, रंजीत मोदी छत्तीसगढ़, कन्हैयालाल अमरावती, रमाशंकर मुंबई, राकेश कुमार दिल्ली, शंकर लाल जबलपुर, कडे. प्रसाद मुंबई, सोहनलाल मुंबई, जीत लाल सूरत, रामलाल, लक्ष्मी नारायण,शिव प्रसाद कोलकाता, राम जी, पारस नाथ,राकेश कुमार, लालता प्रसाद, जीत लाल, अनिता देवी, गुलाबचंद उमरवैश्य, मदनलाल उमरवैश्य, हनुमान प्रसाद, कैलाश मैनेजर, देवेंद्र गुप्ता एडवोकेट, आदर्श कुमार, आशीष कुमार, अमन गुप्ता, सूरज उमरवैश्य, श्री राम, लक्ष्मी नारायण, विश्वनाथ, आशीष कुमार, अजय कुमार, विजय कुमार, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, रमेश कुमार, अरविंद कुमार, रमेश चंद्र, श्रवण कुमार, शिव शंकर, जवाहरलाल, विष्णु शंकर, शिवकुमार, देवेश कुमार, अमृतलाल, ओमप्रकाश, लालता प्रसाद उमरवैश्य, विजय कुमार, गोपाल गुप्ता, अंशिका, अंजू, सुनीता, पूनम उमरवैश्य, रेखा उमरवैश्य, पूजा, अमृतलाल, रामकुमार आदि उपस्थित रहे।

# सांसद पहुंचे शेखपुर आशिक, वोटर चेतना महाअभियान की हुई समीक्षा

## 18 वर्ष के युवाओं को बनाया जाए मतदाता

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** शनिवार को कौशांबी सांसद, संसदीय आचार समिति लोकसभा के अध्यक्ष, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीप के प्रभारी विनोद सोनकर मानिकपुर स्थित राजघाट में भारतीय जनता पार्टी कुंडा मंडल के किसान मोर्चा अध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव के अंतिम संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित कर पारिवारिक जनों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया।

सांसद विनोद सोनकर ने शशि कांत को एक कर्मठ कार्यकर्ता बताते हुए बताया कि हमेशा पार्टी का कार्य पूरी जिम्मेदारी से करते थे। इसके बाद कुंडा विधानसभा क्षेत्र के शेखपुर आशिक स्थिति प्राथमिक विद्यालय



प्राथमिक विद्यालय में बच्चों से मिलते सांसद विनोद सोनकर।

में वोटर महाचेतना अभियान की समीक्षा बैठक किया। जहां पर बीएलओ से मतदाता सूची में नाम बढ़ाने एवं मृतको के नाम काटने सहित कई अन्य निवार्चन सम्बन्धित जानकारी मांगी। बीएलओ के कार्य से सांसद ने असन्तोष जताते हुये सही ढंग से कार्य करने का निर्देश दिया। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय विकरा पहुंच कर निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बीएलओ से नाम बढाये जाने संबंधित जानकारी प्राप्त की। अधिक नाम बढाये जाने का निर्देश दिया। इसके पूर्व प्राथमिक विद्यालय बुलाकीपुर में छोटे बच्चों से मिलकर उनका उत्साह बढ़ाया। इसके बाद विकरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। इस दौरान उप जिलाधिकारी कुंडा, कोतवाल कुंडा कमलेश पाल,जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सोनकर, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, भोला सेठ, रामकुमार कोरी, उदय शंकर मिश्र, सिद्धार्थ शंकर श्रीवास्तव, राजेश शुक्ल, सुरेश तिवारी, दिनेश गौतम, रूपा गौतम, संतोष तिवारी, राकेश मोदनवाल, अनिल पटेल, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पट्टी नगर में एक दर्जन उपभोक्ताओं के कटे कनेक्शन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शनिवार को पट्टी नगर चमन चैक से रायपुर रोड तक एक दर्जन विद्युतधारकों के कनेक्शन काटे गए। यह उन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए जो जिनका बकाया धनराशि काफी दिनों से जमा नहीं किया गया था। इस समय विद्युत महकमें की तरफ से ओटीएस व्यवस्था लागू की गई है, जिसके तहत 30 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन करने वाले उपभोक्ताओं को 100 फीसदी ब्याज माफ किया जा रहा है, फिर भी उपभोक्ता कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। शनिवार को एसडीओ एसबी प्रसाद जेई जयराज राजपूत तथा लाइनमैन के साथ पट्टी नगर में एक दर्जन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए हालांकि कई उपभोक्ता भाग कर अपने बिल जमा किए इस तरह कुल ढाई लाख रुपए का बिल शनिवार को जमा किया गया। इस संबंध में बात करने पर एसडीओ एसबी प्रसाद ने बताया कि उपभोक्ता चाहे तो जन सेवा केंद्र पर भी अपना बिल जमा कर सकते हैं साथ ही साथ वह ओटीएस सुविधा का भरपूर लाभ उठा सकते हैं। 30 नवंबर के बाद उन्हें ब्याज में 80 फीसदी लाभ मिलेगा इसलिए इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए 30 नवंबर तक जरूर रजिस्ट्रेशन कराए।

## निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**परियावां, प्रतापगढ़।** स्व0 जगदीश प्रसाद स्मारक सेवा आश्रम नान्हू का पुरवा गौरी में आर्यवर्त आई हस्पिटल व रिसर्च सेंटर रायबरेली के डा0 धर्मेंद्र सिंह( एमबीबीएस.एमडी.) के देख रेख में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर क्षेत्र के गरीब तप के जरूरत मंद लोगो का निशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया और निशुल्क दवा वितरण किया जिसमें सात मरीजों का आंख के आपरेशन के लिए साथ मे ले गये बाकी मरीजों को परीक्षण करने के बाद दवा वितरण करके घर भेज दिया गया। शिविर मे डा0 सतीश चन्द्र शुक्ला, डा0 सत्यपाल वर्मा, शिवकेश पांडेय, माया शंकर, मदन कुमार पांडे, राजकुमार मिश्र, भूपेन्द प्रसाद शुक्ल, त्रिभवन नाथ मिश्र, रामकेश पांडेय, उमाकांत पांडेय, कृपा शंकर मिश्र, रामसरन लवकुश, लवकुश, मदन कुमार पांडे व आश्रम संचालक बालकेश पांडेय पूर्व प्रधान गौरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। व्यवस्था की देख रेख प0 नीरज कुमार पांडेय ने किया।

# टेम्पो चालक की हत्या के विरोध में कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

## दबंगों की गिरफ्तारी कर मुआवजे की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर आज जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी के नेतृत्व में पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह बाजार में टेम्पो चालक काशी प्रसाद मिश्रा की पीट-पीट कर हुई हत्या के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर उदय भान सिंह को सौंपा गया।

ज्ञापन देने के उपरांत एक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय, इंदिरा भवन, प्रतापगढ़ में आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने एवं संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने कहा कि पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह बाजार में टेंपो चालक काशी प्रसाद मिश्रा को पल्सर सवार दबंगों द्वारा लाठी डंडे से पीट-पीटकर हत्या



उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते कांग्रेसीगण।

कर दी गई। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग किया कि दबंग हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज कर फास्ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाना ही न्यायोचित होगा।

वहीं दूसरी तरफ मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा एवं उनकी दोनों बेटियों की शादी कराए जाने का इंतजाम सरकार द्वारा किया जाना चाहिए। संचालन कर रहे नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि स्व.काशी प्रसाद मिश्रा की बेटी की शादी 9 दिसंबर को है जिसकी तैयारी के लिए मृतक पिता बाजार से सामान लेने के लिए गया था इस बीच थोड़ी सी कहा सुनी को लेकर दबंगों ने पीट पीट कर मार डाला। इस मौके पर कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ वी.के.सिंह, कार्यालय प्रभारी/कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, फतेह बहादुर सिंह, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दानिश माबूद, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, आरटीआई सेल के जिलाध्यक्ष शिवम मिश्रा, कांग्रेस सेवादल उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# गेहूं की फसल से तौबा कर रहे हैं किसान

## सरसो की खेती की ओर बढ़ रहा है किसानों का झुकाव, आवारा मवेशियों के भय से सिमट रही है गेंहू की खेती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के ग्रामीण इलाकों में आवारा मवेशियों की भरमार सी हो चली है। इनसे अपनी फसलों की सुरक्षा किसानों के लिए किसी चुनौती से कम नही है। गेहूं की फसलों पर मवेशियों के जोर देख किसान अब सरसों की फसलों पर ज्यादा जोर देते नजर आ रहे है। यही कारण है कि इस वर्ष किसान गेहूं की फसल की बुवाई ज्यादा भूभाग में कर रहे है उनका कहना है सरसो की फसल में आवारा मवेशियों के प्रकोप नही होता वे इन फसलों से अच्छी उपज प्राप्त कर लेगे।

कृषि विभाग के आंकड़ो पर गौर करे तो जिले के सदर लालगंज कुंडा पट्टी व रानीगंज तहसील क्षेत्रों में बीते वर्ष 85 हजार हेक्टेयर भू भाग पर गेहूं की फसल की बुवाई कर साढ़े पांच लाख मीट्रिक टन गेहूं की पैदावार किसानों द्वारा की गई थी। जबकि तमाम किसानों की फसलों को इन आवारा पशुओं ने तवाह कर दिया था। आज भोर से ही हर ओर नजर आने वाले पशुओं के झुंड ने किसानों को सोंचने पर मजबूर कर दिया है।और उनके द्वारा गेहूं के बजाय सरसो की खेती को ज्यादा प्रमुखता दी जा रही है। जिले के कृषि विभाग ने जहां इस रवी फसल चक्र में 92 हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की फसल तैयार कर 6 लाख मीट्रिक टन गेहूं की पैदावार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। किंतु किसानों का रुख देख यह असम्भव प्रतीत हो रहा है। विहार क्षेत्र के किसान नन्दलाल यादव बताते है कि आवारा पशुओं के प्रकोप के चलते रात दिन फसलों की रखवाली करनी पड़ती है उसके बाद भी ज्यादातर किसानों की फसल चैपट हो जाती है। सरसो की फसल जहां कम सिंचाई व कम लागत में तैयार हो जाती है। जिसमे किसानों को कमाई की उम्मीद ज्यादा नजर आ रही है। लक्ष्मणपुर के किसान मत्स्येंद्रनाथ मिश्र बताते है कि सरसो की बुवाई के बाद उसे सिर्फ एक या दो पानी देना पड़ता है जबकि गेंहू की फसल को कम से कम चार बार पानी देना पड़ता है नहरें किसानों को राहत दे नही पा रही हैं। इसी लिए मैंने करीब चार बीघे में सरसों की फसल की बुवाई करवा दी है। जबकि बैजनाथ यादव व शिव बहादुर सिंह बताते है कि सरसो की फसल मवेशी नही खाते और लागत कम होने के कारण किसान इस फसल की ओर ज्यादा मुखातिब हो रहे है।कृषि विभाग के आंकड़ो पर गौर करे तो बीते वर्ष जिले के अलग अलग ब्लाकों में करीब 7 हजार हेक्टेयर भूमि पर सरसों की खेती हुई थी जो इस बार बढ़कर करीब 12 हजार हेक्टेयर होने की संभावना है। जबकि गांव की हकीकत पर ध्यान दें तो आवारा मवेशियों के दिनों दिन बढ़ते प्रकोप के कारण यह आंकड़ा 20 हजार हेक्टेयर तक पहुचेगा।

# पट्टी मेला में छठवें दिन उमड़ी भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पिट्टी के छठवें दिन ऐतिहासिक मेले में शुक्रवार को भीड़ अधिक रही। मेले के छठवें दिन अधिक भीड़ होने का अनुमान पहले से ही समिति के लोगों एवं प्रशासन ने लगाया था। मेला प्रभारी कन्हैयालाल चप्पे- चप्पे पर अपने हमराहियों के साथ नजर बनाए रखें हुए है इसलिए सुबह से ही पुलिस के जवानों के साथ समिति के लोग अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। सुबह दस बजे से मेला मैदान की तरफ भीड़ का रेला शुरू हुआ तो दोपहर तक मेला क्षेत्र ठसाठस भर गया। हालात यह हुए कि पुलिस व मेला समिति के लोगों को भीड़ नियंत्रित करने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। सबसे अधिक भीड़ मेला मैदान के उत्तरी छोर की ओर थी। यहां मौत का कुंआ के साथ हवाई झूला, ब्रेक डांस जैसे बच्चों के तमाम तरह के झूले मौजूद थे। इसके अलावा यहां पर जादू के खेल के साथ महिलाओं के प्रसाधन सामग्री एवं घरेलू वस्तुओं की दुकानें लगी हुई थी। इससे इस क्षेत्र में महिलाओं की भीड़ अधिक रही। महिलाओं के सुरक्षा के लिए यहां पर पुलिस के जवानों के साथ समिति के तमाम लोग लगे हुए थे। मेला क्षेत्र में खोया-पाया केंद्र खोला गया था। यहां पर दर्जन भर से अधिक खोए बच्चों को उनके परिजनों से मिलाया गया। मेला समिति ने गुरुवार को भीड़ उमड़ने का अनुमान पहले ही लगा लिया था। समिति के अध्यक्ष जुग्गीलाल जायसवाल, प्रबंधक सुरेश जायसवाल, सह प्रबंधक राम चरित्र वर्मा, रमेश सोनी आदि लोग उपस्थित रहे। महामंत्री अशोक कुमार श्रीवास्तव, संरक्षक डॉक्टर के. एल विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी राजेश दुबे, सह प्रचार मंत्री सजीवन सोनी, सहमंत्री बृजेश सिंह,, अरविंद तिवारी ,अब्बास नेता, रामू जायसवाल, रमेश सोनी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रेप पीड़िता के हत्यारे से एसओजी और पुलिस टीम की मुठभेड़ आरोपी के दोनो पैर में लगी गोली

## 6 थानों की पुलिस फोर्स एसओजी के साथ अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह भी मौके पर पहुंचे

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जिले के महेवाघाट थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले सरेशाम रेप पीड़िता की कुल्हाड़ी की ताबड़ तोड़ वार कर हत्या के आरोपी से एसओजी और पुलिस की टीम के साथ शनिवार की भोर में फिर मुठभेड़ हुई है मुठभेड़ में पुलिस ने अपना बचाव कर लिया लेकिन आरोपी के दोनों पैर में गोली लग गई है जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस और एसओजी टीम को आरोपियों के यमुना कछार में छिपने की जानकारी मिली जिस पर पुलिस टीम ने यमुना नदी के कछार इलाके में घेराबंदी की तो पुलिस टीम को देखकर आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर करना शुरू कर दिए,पुलिस टीम और हत्यारों के बीच कछार में मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस टीम ने भी अपने बचाव में जवाबी फायरिंग शुरू कर दी,6 थानों की पुलिस फोर्स के साथ अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह भी मौके पर पहुंचे ,इस दौरान जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के दोनो पैर में गोली लग गयी है,घायल आरोपी को पुलिस पकड़कर जिला अस्पताल ले गयी। वहीं गुरुवार को मुठभेड़ में रेप पीड़िता की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार हुआ था,घटना में शामिल दो आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है जिन्हे पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लॉक के कृष्णा डोली ग्राउंड काजू में 24 व 25 नवम्बर को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई है क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी द्वारा कबड्डी, बॉलीबाल, कुश्ती व एथेलेटिक्स की प्रतियोगिता बालक बालिका वर्ग में कराई गयी आयोजन में सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग में कबड्डी, बॉलीबाल, कुश्ती व एथेलेटिक्स की प्रतियोगिता बालक बालिका वर्ग में कराई गयी अंत में ट्रॉफी मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मूरतगंज ब्लॉक के कृष्णा डोली में शनिवार को आयोजन किया गया जिसमें 100 मी, 400मी 1500 मी की दौड़ लड़के और लड़कियों की दौड़ एवं कबड्डी, बॉलीबाल , गोला फेंक एवं कुश्ती का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मलकनागर प्रधान लालता प्रसाद और हरिमोहन प्रधान अशरफपुर ने किया जिसमें सभी विजेता खिलाड़ियों को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नाजुक जहां द्वारा एवं पंचायत सहायिका विकास यादव, रीतिका यादव, रॉबिन सिंह, अमित कुमार एवं सुनैना भारती एवं ब्लॉक कमांडर आलोक पांडेय द्वारा सभी को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# दिल्ली से ट्रेन से घर के लिए निकले युवक का रेलवे लाइन पर मिला शव

## जानकारी मिलते ही परिजनो में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** जिले में सैनी कोतवाली क्षेत्र में रेलवे लाइन पर युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया,सुबह ग्रामीणों ने रेलवे लाइन पर शव मिलने की सूचना पुलिस को दी,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के पास मिले मोबाइल से उसके परिजनों को सूचना दी और शिनाख्त कराने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटनाक्रम के मुताबिक कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अंतू का पूरा का रहने वाला धर्मराज पुत्र स्वर्गीय रामजीत दिल्ली में रहकर काम करता था,वह दिल्ली से घर वापस आने के लिए कल निकला था लेकिन घर नही पहुंचा,सुबह पुलिस ने मोबाइल के माध्यम से नंबर निकालकर परिजनो को सूचना दी कि सैनी कोतवाली क्षेत्र में रेल लाइन के पास लाश मिली है सूचना पर पहुंचे परिजनो ने मृतक की शिनाख्त की।शव की शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी। वही इस मामले में रेलवे पुलिस का कहना है कि रात में तीन बजे ट्रेन नंबर 18310 से एक युवक ट्रेन से टकराया था,जिसकी सूचना ट्रेन के लोको पायलट ने कंट्रोल रूम को दी थी।जांच की जा रही है,जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्यवाई की जायेगी।

## संविधान दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**कौशाम्बी।** शासन के निदेर्शानुसार गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संविधान दिवस के अवसर पर सरकारी कार्यालयों स्वायत्तशासी निकायों संगठनों स्थानीय निकायों एवं शैक्षणिक संस्थानों में 26 नवम्बर, 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया जायेंगा। इसके साथ ही संवैधानिक मूल्यों एवं मूलभूत सिद्धान्तों पर आधारित गोष्ठी आदि का आयोजन किया जायेंगा बतादें,कि भारत के संविधान को अंगीकृत किये जाने की तिथि 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## दलित नाबालिक बालिका को ले भागा युवक

**चायल कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के लोधौर गांव की एक दलित नाबालिग बालिका को गांव का युवक शंभू 24 नवंबर की रात्रि घर से लेकर भाग गया है बालिका के पिता जब घर पहुंचे तो छोटे-छोटे बच्चों ने मामले की जानकारी दी है बालिका के पिता ने मामले की सूचना थाना पुलिस को देकर बालिका को खोजने की गुहार लगाई है।

# किसानों की समस्याओं की अनदेखी हुई तो होगा आंदोलन : अजय सोनी




**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे शनिवार को पार्टी के तमाम कार्यक्रताओं एवं किसानो ने पार्टी नेता अजय सोनी की अगुवाई में जिला मुख्यालय मंझनपुर में जोरदार प्रदर्शन किया गया और नारेबाजी कर मुख्यमंत्री को संबोधित एक सात सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से किसानो की खाद, बिजली, पानी और बिजली बिल माफी जैसी समस्यायों एवं मांगो के समाधान की मांग की गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को समर्थ किसान पार्टी के तमाम कार्यकर्ता एवं किसान डायट मैदान मंझनपुर में इकठ्ठा हुए और बैठक की। बैठक में किसानो की तमाम समस्यायों एवं मांगो को लेकर चचाएँ हुईं। इस अवसर पर पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कहा कि मौजूदा सरकार में किसानो की समस्यायों की अनदेखी हो रही है जिसे कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि किसानों की समस्यायों की अनदेखी हुई तो आंदोलन होगा। इसके बाद जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए पार्टी कार्यकताओं एवं किसानो ने कलेक्ट्रेट की ओर कूच किया। कलक्ट्रेट पहुंचकर किसानों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को प्रदेश के मुख्यमंत्री कि संबोधित एक सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सौपे गए ज्ञापन मे किसानो के निजी नलकूप का बकाया बिजली बिल सहित बिजली बिल माफ करने, नहरों एवं रजबहों में रोस्टर से टेल तक जलापूर्ति करने, 18 घंटे रोस्टर से विद्युत आपूर्ति करने, समितियों से किसानो की पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की आपूर्ति करने, धान क्रय केंद्रों पर बिना कमीशन प्रत्येक वैरायटी के धान क्रय करने, नहरों एवं रजबहों की सिल्ट सफाई की उच्च अधिकारियों की टीम गठित कर जांच कराने एवं नकली खाद बीज की दुकानों पर छापेमारी कर समुचित कार्यवाही करने जैसी मांगे शामिल थीं। ज्ञापन में लिखित समस्यायों एवं मांगो पर समुचित कार्यवाही नही होने पर धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने की प्रदर्शनकारियों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट से बात कही। इस मौके पर सुरजीत वर्मा, रंजीत सरोज, वेद प्रकाश यादव, पृथ्वीपाल सिंह, देवमुनि सिंह, भगवानदीन वर्मा, सुरेश दुबे, राजकुमार साहू, अतुल प्रजापति, गुलबिया देवी, जय लता त्रिपाठी, माया पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

# विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल में हुई शतरंज खेल प्रतियोगिता




**कौशाम्बी।** जिला शतरंज खेल संघ और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर के संयुक्त तत्वावधान में इन्टर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 25 नवम्बर को विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर में किया गया। इसमें कई स्कूलों के शतरंज खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उत्थान संस्था के सचिव डॉक्टर के के तिवारी ने शतरंज के चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इस खेल से मस्तिष्क का विकास होता है। जिला शतरंज खेल संघ और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर के संयुक्त तत्वावधान में इन्टर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 25 नवम्बर को विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर में आयोजित किया गया। जिसमें तमाम खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया इस प्रतियोगिता में पहला स्थान सेंट जोसेफ स्कूल को मिला, दूसरे स्थान पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल कौशांबी, तीसरे स्थान पर के पी एस सिराथू रहा आयु 07 कैटेगरी वर्ग में पहला स्थान विष्णु भगवान के पार्थ केसरवानी, दूसरे स्थान पर विष्णु भगवान के पृथ्वी पाल, तीसरे स्थान पर अक्षत केसरी को मिला आयु वर्ग 09 में पहले स्थान पर विष्णु भगवान के शुधान्शु यादव, दूसरे स्थान पर विष्णु भगवान के परी यादव, तीसरे स्थान पर विष्णु भगवान के श्याम द्विवेदी रहे आयु वर्ग 11 में पहले स्थान पर विष्णु भगवान के अभिनव भारतीय, दूसरे स्थान पर सेंट जोसेफ के सक्षम गुप्ता, तीसरे स्थान पर विष्णु भगवान के प्रकृति सिंह रही आयु वर्ग 13 में पहले स्थान पर सेंट जोसेफ के कलश केसरवानी, दूसरे स्थान पर सेंट जोसेफ के सेजल शुक्ल, तीसरे स्थान पर सेंट जोसेफ के साक्ष्य केसरवानी रहे आयु वर्ग 15 में पहले स्थान पर के पी एस सिराथू के आनन्द त्रिपाठी, दूसरे स्थान पर के पी एस सिराथू के श्रेयस दीक्षित, तीसरे स्थान पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल की स्नेहा त्रिपाठी रही आयु वर्ग 19 में पहले स्थान पर विष्णु भगवान के शिवांश यादव, दूसरे स्थान यस ए वी सिराथू के रिशभ दीक्षित रहे इस अवसर पर हुए पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल शुक्ल के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में सचिव राघवेन्द्र शुक्ल, इन्द्र श्याम सिंह, वरिष्ठ शिक्षक राकेश मालवीय, रविन्द्र उपाध्याय , बलदाउ पाण्डेय, नकुल तिवारी आदि लीग उपस्थिति रहे।

# श्री कृष्ण व सुदामा की मित्रता से सीख लेने की जरूरत



**कौशांबी।** जिला मुख्यालय मंझनपुर स्थित श्री संकट मोचन शिव शक्ति धाम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में शनिवार को शिवसागर महाराज ने कृष्ण व सुदामा की मित्रता की कथा सुनाई उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण वा सुदामा की मित्रता ऐसी थी आज भी वह समाज को सीख देती है।विषम परिस्थिति में भी मनुष्य को घबराना नहीं चाहिए। जीवन में माता पिता और गुरु के बाद मित्र को विशेष स्थान दिया गया है। मित्र हमारे सुख-दुख के साथी होते हैं। किसी भी परिस्थिति में मित्र हमेशा साथ खड़े होते हैं। कृष्ण और सुदामा के बीच मित्रता की कहानी में हमें मित्र के प्रति ईमानदारी, त्याग और सम्मान का भाव दिखाई देता है। जब कभी मित्रता की बात होती है। तो कृष्ण और सुदामा की मिसाल दी जाती है। जब कृष्ण बालपन में ऋषि संदीपन के यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे थे तो उनकी मित्रता सुदामा से हुई थी। कृष्ण एक राजपरिवार में और सुदामा ब्राम्हण परिवार में पैदा हुए थे। परंतु दोनों की मित्रता का गुणगान पूरी दुनिया करती है। शिक्षा-दीक्षा समाप्त होने के बाद भगवान कृष्ण राजा बन गए वहीं दूसरी तरफ सुदामा के बुरे दौर की शुरूआत हो चुकी थी। खाने तक के मोहताज सुदामा की पत्नी ने उन्हें राजा कृष्ण से मिलने जाने के लिए कहा। द्वारिकाधीश ने जैसे ही द्वारपाल से सुदामा का नाम सुना तो नंगे पैर मित्र की आवा भगत करने पहुंच गए। लोग समझ नहीं पाए कि आखिर सुदामा में क्या विशेषता है कि भगवान स्वयं उनके स्वागत में दौड़ पड़े। श्रीकृष्ण ने स्वयं सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के पैर पखारे। कृष्ण-सुदामा चरित्र प्रसंग पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए कथा समापन के बाद आरती उतरी गई इसके बाद प्रसाद का वितरण हुआ भक्तों के जयकारे से पंडाल गूंजयमान रहा।

## न्यूज झरोखा

### राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को डीएम एसपी ने शील्ड देकर किया सम्मानित

**भोपाल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में 26 नवम्बर को प्रतिभाग करेंगी छात्राएं**



**कौशाम्बी।** 67वीं राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त कर जनपद कौशांबी को गौरवान्वित करने वाली धर्म देवी इंटर कॉलेज केन कनवार कौशांबी की 4 छात्राएं रेशमा देवी, शिखा वर्मा, खुशबू देवी, मधु देवी को दिनांक 25 नवम्बर को जिलाधिकारी कौशांबी सुजीत कुमार एवम् पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव के कर कमलों द्वारा थाना सैनी में शील्ड देकर सम्मानित किया गया।ये सभी छात्राएं 26 दिसंबर से भोपाल में आयोजित होने वाली रास्ट्रीय स्तर की राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर जनपद कौशांबी को गौरवान्वित करेंगी। इनकी इस उपलब्धि के लिए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक कौशांबी ने इन्हे ढेर सारी बधाई एवम् शुभकामनाएं दी।इस सम्मान समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राम किरण त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्य राम शंकर सिंह व शिक्षक पुनीत अग्रहरि उपस्थित रहे।

### एसडीएम सीओ ने थाना समाधान दिवस में सुनी फरियाद



**चायल कौशाम्बी** थाना समाधान दिवस के अवसर पर पिपरी थाना में फरियादियों की फरियाद चायल एसडीएम शौम्य मिश्र,व सीओ चायल एवं नवागत थानेदार दिनेश परिहार ने सुनी इस मौके पर पांच शिकायती पत्र प्राप्त हुए दो शिकायती पत्र का निस्तारण अधिकारियों ने मौके पर कर दिया है शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए अधीनस्थों को समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने की निर्देश दिए हैं थाना समाधान दिवस के अवसर पर कानूनगो सरफराज अहमद, मुमताज सिद्दीकी व लेखपाल पंकज सिंह,दीपक पटेल, संगीता पाल,रवि,दीपक पटेल चकबंदी लेखपाल आदि मौके पर मौजूद रहे हैं।

### थानेदार ने सुनी समाधान दिवस में फरियाद



**कोखराज कौशाम्बी** थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोखराज थानेदार इंद्रदेव ने कोखराज थाना में फरियादियों की समस्याओं को सुना मौके पर 6 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई है शिकायतों के निस्तारण के लिए अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए थानेदार ने कहा कि समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण किया जाए थाना समाधान दिवस में जमीन से जुड़े विवादित प्रकरण में लेखपाल व पुलिस के साथ जा कर निस्तारण कराने का निर्देश अधीनस्थों को कोखराज थानेदार ने दिया इस मौके पर पुलिस इस्पेक्टर राकेश राय एसआई, महेंद्र सिंह,कृष्ण कुमार यादव,लेखपाल, लोकनाथ,कानून गो,सोहनलाल, अनुराधा वर्मा,साधना सिंह,पूनम,नित्यापाल,नरेन्द्र कुमार, उमेश चन्द्र,देवेंद्र सिंह, दिलीप कुमार, मान सिंह,आदि लोगों की उपस्थिति रही।

### राम वनवास की कथा सुन भावविभोर हुए दर्शक

**कथा वाचिका विदुषी अंजली आर्य की कथा सुनने उमड़ा जनसैलाब**



**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के सब्जी मंडी में आयोजित राम कथा के अंतिम दिन कथा सुनने को जनसैलाब उमड़ पड़ा कथा वाचिका विदुषी अंजली आर्य ने बड़े ही मार्मिक अंदाज से प्रभु श्री राम के वनवास की कथा सुनाकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया उन्होंने बताया कि मंथरा के कहने पर रानी कैकेई दो वरदान मांग लेती हैं राम को 14 वर्ष का वनवास और भरत को राजगद्दी इसके बाद अयोध्या नगरी में सन्नाटा पसर जाता है माता-पिता की आज्ञा लेकर राम सीता लक्ष्मण वनवास के लिए निकल पड़ते हैं ।गीत संगीत मयी कथा सुन दर्शक झूम उठे ।राम कथा सुनने के लिए प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष धर्म राज मौर्य,पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार,चेयर मैन प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुशवाहा ,कपूर चंद्र केसरवानी,राकेश केसरवानी सहित तमाम संभ्रांत रामभक्त महिला पुरुष श्री राम कथा में मौजूद रहे।

### पल्हाना गंगा घाट पुरानी कुटी हनुमान मंदिर में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन



**हर्रायपुर कौशाम्बी** मूरतगंज ब्लाक अंतर्गत पल्हाना गंगा घाट पुरानी कुटी हनुमान मंदिर में हर साल की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन हुआ ग्यारह कुंडी शतचंडी महायज्ञ का आयोजन 17 नवंबर से 24 नवंबर तक आयोजित किया गया सत्य चंडी महायज्ञ के आयोजन के बाद 25 नवंबर शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में इलाके के हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया दोपहर बाद से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा आयोजन कर्ता श्री1008 महंत सियाराम दास जी महाराज बारामासी फलाहारी ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गयारह कुण्डी सतचंडी महायज्ञ करके भंडारे का आयोजन किया गया है।

### गलत साइड से आ रही ऑटो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी अंतर्गत मेला बाग के पास गलत साइड से आ रही ऑटो नम्बर वढ70फ्ळ3091 ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया है जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल युवक को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है हालत गंभीर देख कर डॉक्टर ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक रिषभ यादव पुत्र दिलीप कुमार शनिवार को बाइक से किसी काम से ओसा जा रहे थे जैसे ही वह मूरतगंज मेला बाग के पास पहुंचे विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार वाहन समेत सड़क पर गिर पड़े हैं और लहूलुहान होकर तड़पने लगे हैं हादसा देखकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई है और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है मामले की सूचना घायल के परिजनों को दी गई है।

# प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है बाजरा

## नियमित रूप से बाजरा खाने से भारत की आबादी का अधिकांश भाग कुपोषण मुक्त हो सकता है

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** बाजरे में आयरन, जिंक, विटामिन बी3, विटामिन बी6 और विटामिन बी9 प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। जो स्किन को हेल्दी रखने में सहायक है। अगर आप डाइट में नियमित रूप से बाजरे का सेवन करते हैं, तो झुर्रियां या त्वचा संबंधी अन्य समस्याओं से बच सकते हैं। बाजरा प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यही नहीं, बाजरे में लोहा, कैल्सियम, जस्ता, मैग्निसियम और पोटाशियम जैसे तत्व अच्छी मात्रा मे होते हैं। रागी में काफी मात्रा में कैल्सियम मिलता है और बाजरा में लौह तत्व होता है। प्रति 100 ग्राम बाजरे में लगभग 11.6 ग्राम प्रोटीन, 67.5 ग्राम कार्बोहाईड्रेट और 132 मिलीग्राम कैरोटीन पाया जाता है. बाजरे के फायदे की बात करें तो बाजरे से मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद मिलती है और कोलेस्ट्रॉल लेवल में सुधार होता है. ये कैल्शियम, ज़िंक और आयरन की कमी को दूर करता है. बाजरा शरीर को अंदर से गर्म रखता है। जिससे ठंड में शरीर को हेल्दी रखने में मदद मिलती है। बाजरे की रोटी में मौजूद फाइबर की प्रचूर मात्रा पाचन तंत्र को स्वस्थ्य बनाए रखने के साथ गैस, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याओं को भी दूर रखने में मदद करती हैं। इसके सेवन से कब्ज और पेट फूलने जैसी दिक्कतों को भी दूर किया जा सकता है।

## बाजरा, पोषक तत्वों से भरपूर जो गेंहू और चावल का कर सकता है मुकाबला

**कौशाम्बी।** बाजरा-हर इलाके के लिए उपयुक्त बाजरा ऐसा अनाज है जिसकी जानकारी मानव को बहुत पहले है। यह अनाज आकार में छोटा और कठोर होता है जो कम सिंचाई सुविधा वाले सूखे इलाकों में उग सकता है। यह ऐसी मिट्टी में भी उग सकता है जो कम उपजाऊ और कम नमी वाली होती है। इसके पकने में कम समय लगता है और 65 दिनों में तैयार हो जाता है। यह बाजरे की फसल का ऐसा गुण है जो बहुत महत्वपूर्ण और दुनिया में घनी आबादी वाले इलाकों के लिए उपयुक्त है। इसका भंडारण अगर ठीक से किया जाए तो बीच दो वर्षो तक या इससे ज्यादा तक चलता है। पोषक तत्वों से भरपूर बाजरा अधिकांशतः बहुत पोषक होता है और इसमें लसलसापन नहीं होता। इससे अम्ल नहीं बन पाता और यह आसानी से हजम हो जाता है। लसलसे पदार्थ से मुक्त होने के कारण यह उन लोगों को बहुत माफिक आता जो पेट की बीमारियों से पीडित होते हैं। बाजरे की रोटी अधिक दिनों तक खाने से इसमें निहित ग्लूकोज धीरे-धीरे निकलता है और इस प्रकार से यह मधुमेह से पीड़ित लोगों को भी अनुकूल पड़ता है। यही नहीं, बाजरे में लोहा, कैल्सियम, जस्ता, मैग्निसियम और पोटाशियम जैसे तत्व अच्छी मात्रा मे होते हैं। रागी में काफी मात्रा में कैल्सियम मिलता है और बाजरा में लौह तत्व होता है। इसमें काफी मात्रा में वह फाईबर मिलता है जो भोजन में जरूरी होता है और तरह-तरह के विटामिन होते हैं (कैरोटिन, नियासिन, विटामिन बी6 और फोलिक एसिड) इसमें मिलने वाला प्रचुर मात्रा में लेसीथीन शरीर के स्नायुतंत्र को मजबूत बनाता है। अतः नियमित रूप से बाजरा खाने से भारत की आबादी का अधिकांश भाग कुपोषणमुक्त हो सकता है। हालांकि बाजरे को मोटा आनाज कहा जाता है लेकिन पोषण तत्वों में समृद्ध होने के कारण इस अनाज को न्यूट्रिया मिलेट्स / न्यूट्रिया सीरियल्स कहा जाता है। बाजरे में हाईड्रोकैमिकल्स (पोलिफेनोल्स, टेनिल्स, फाईटो स्टेरोल्स) तथा ऐन्टी ऑक्सिडैन्टस- प्रचुर मात्रा मे मिलते हैं। लेकिन इनमें कुपोषण वाले वे तत्व नहीं मिलते जो प्रसंस्कृत करने से कम हो जाते हैं।बाजरे में अनेक गुण होने के बावजूद इस अनाज का इस्तेमाल कुछ वे सामाजिक वर्ग ही करते हैं, जो इसका इस्तेमाल करते आए हैं। इनमें जनजातीया आबादी प्रमुख है। कारण यह है कि यह उपभोक्ता हितैषी अनाज इस्तेमाल करने के लिए तैयार/खाने के लिए तैयार स्थित मे नहीं मिलता हाल ही में बाजरे पर काफी लोगों का ध्यान गया है और कोशिश यह हो रही है कि इस अनाज से तैयार माल प्राप्त किया जाए। बाजरा-बहुउपयोगी फसल हालांकि इस अनाज की फसल भारत में कम उगाई जाती है लेकिन क्षेत्रीय/गृहस्थ स्तर पर अनाज की सुरक्षा संबंधी अनेक किसमें पाई जाती है। बाजरे की फसल सिर्फ कम पानी की उपलब्धता वाले/जलवायु में ही नहीं उग सकती बल्कि यह कम सिंचाई वाले और सूखी खेती वाले इलाकों में उगाई जा सकती है। बाजरा अच्छा चारा भी होता है और कम समय में बड़ा हो सकता है। इस कारण यह सूखे वाले क्षेत्रों में आरक्षित फसल का काम करता है। अपने इस गुण के कारण यह भारत में बहुत उपयोगी है क्योंकि हमारी खेती में बार-बार मानसून की कमी महसूस की जाती है। भारत में जिस प्रकार के बाजरे की खेती होती है उनमें बाजरा, ज्वार, रागी, बर्री, झंगोरा, कंगनी, कोदरा आदि मशहूर है।

## संपादक की कलम से

# बीमारियों का मौसम परिवर्तन

मौसम ठंडा हो गया है और साथ ही फ्लू, सर्दी जैसे वायरल इंफेक्शन के केस बढ़ने लगे है। इसका कारण है कि मौसम बदलने के साथ ही इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। मौसम परिवर्तन और बीमारियों का चोली दामन का साथ है। नवम्बर का महीना शुरू होते होते मौसम भी करवट लेता है। यह सर्दी की शुरूआत और गर्मी की विदाई का समय है। तापमान में भी घटत बढ़त होता है। मौसम में परिवर्तन को झेल नहीं पाते और तबीयत बिगड़ जाती है। विशेषकर जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है वे मौसमी बीमारियों का शिकार हो जाते है। राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, यूपी,एमपी आदि प्रदेशों से मिली खबरों के मुताबिक मौसम परिवर्तन के साथ ही मौसमी बीमारियां और वायरल बुखार का प्रकोप पैर पसारने लगा है, जिसके चलते चिकित्सालय में मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। मौसम परिवर्तन के साथ ही सर्दी, खांसी- जुकाम, चिकनगुनिया, डेंगू, वायरल बुखार, उल्टी- दस्त के रोगियों की संख्या बढ़ी है। मच्छरों का प्रकोप भी बीमारियां बढ़ाने में सहायक हो रहा है। डॉक्टरों के अनुसार तापमान में उतार-चढ़ाव के चलते मौसमी बीमारियां बढ़ी हैं। इस मौसम में जोड़ों में दर्द, बदन दर्द, सिरदर्द, खांसी, जुकाम एवं बुखार होता है। बदलते मौसम में खान पान में सतर्कता रखनी जरूरी है।

मौसम में आये बदलाव के साथ ही मौसमी बीमारियों ने दस्तक दे दी है। घर घर में मौसमी बीमारियां से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ती ही जारही है। इस समय मौसम ने जो अंगड़ाई ली है उसमें कभी गर्मी और कभी ठंडक का एहसास हो रहा है। मौसम का यह बदलाव मानव के स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। इससे बचने का एक मात्र उपाय सतर्कता और जागरूकता ही है। यह बीमारियां आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित कर कई बार आपके आंतरिक अंगों को भी प्रभावित करती हैं। इनसे बचने के लिए सावधानी रखना बेहद आवश्यक है।

खान-पान और साफ-सफाई का ध्यान न दे पाने की वजह से चिकनगुनिया और डेंगू की समस्या से लोगों को दो दो हाथ करने पड़ रहे है। मौसम बदलने के साथ ही बीमारियों का होना भी शुरू हो जाता है और बुखार-जुकाम आदि बीमारियां ज्यादा होने लगती है। चिकनगुनिया, डेंगू आदि होने का खतरा भी बढ़ जाता है और कई बार हम पहचान नहीं कर पाते हैं कि रोगी को चिकगुनिया की बुखार है या डेंगू बुखार या फिर सामान्य बुखार। इस वजह से बीमारी ज्यादा बढ़ जाती है और मुश्किल से नियंत्रण में आती है।

चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम परिवर्तन और तेजी से होने वाले शहरीकरण के असर ने इन बीमारियों को फैलने में सहायता की है। कहते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में कंस्ट्रक्शन बढ़ा है। यह मच्छरों से होने वाली बीमारी का एक कारण है। कंस्ट्रक्शन साइट्स पर मच्छर ज्यादा पनप रहे हैं। वहीं पहले के मुकाबले सर्विलांस बढ़ा है। इस वजह से भी डेंगू के मामले अधिक दर्ज हो रहे हैं।

बताते हैं कि न तो डेंगू, चिकनगुनिया की कोई दवा है और न ही वैक्सीन। चिकनगुनिया और डेंगू मच्छर के काटने की वजह से होते हैं। मादा एडिस एजिप्टी मच्छर के काटने कारण माना जा रहा है। लेकिन कुछ मामलों में, एडीज मच्छर का काटना भी इस बीमारी की वजह मानी जा रही है। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि 5 अलग-अलग प्रकार के वायरस इन मच्छरों से फैल रहे हैं, जो इस बीमारी का कारण बन रहे हैं।

डेंगू गैर-संक्रामक है, यह एक मरीज से सीधे किसी अन्य व्यक्ति में नहीं फैल सकता। चिकनगुनिया वायरस भी मच्छर ही द्वारा किया जाता है। हालांकि दोनों बीमारियों की पहचान विशिष्ट वायरस से हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष देश में डेंगू बुखार के दर्ज केसों संख्या एक लाख को पार हो गई है।

चिकनगुनिया में तेज बुखार, लगातार सिरदर्द, आंखों से पानी आना और थकान होना इसकी विशेषता है। इस बीमारी में भले बुखार उतर जाए, लेकिन थकान और सिरदर्द बना रहता है। अधिकांश रोगियों को जोड़ों में दर्द की शिकायत भी होती है। यह दर्द हफ्तों और महीनों के लिए बना रह सकता है। तेज बुखार, सिर दर्द, मतली आना, बदन दर्द और लाल चकत्ते होना डेंगू की पुष्टि करता है। रोगियों की संख्या में डेंगू बुखार एक रक्तस्त्रावी जो अनिश्चितता के बादल कम ब्लड प्लेटलेट्स का स्तर और रक्त प्लाज्मा के रिसाव में परिणाम का कारण बनता है। डेंगू भी भारी रक्तस्त्राव मौत का कारण बन सकता है। डेंगू और चिकनगुनिया के बीच का अंतर जानने के लिए रोगी के खून की जांच जरूरी है। इससे खून में मौजूद विशिष्ट वायरस का पता लगा सकते हैं।

## धर्मनिरपेक्षता देश के विश्वास की बुनियाद भारतीय संदर्भ में समृद्धि और विकास की आधारभूत आवश्यकता

धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण एवं शाश्वत सिद्धांत है। धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व है। जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित है। धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है। इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है।इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना है। पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं। धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है।

भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है। प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है।

भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है। भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करें। भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती है। धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता है। भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है। हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों,मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करें। आजादी के पूर्व तथा आजादी के पश्चात महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री आदि नेताओं का धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास था। स्वतंत्रता के पूर्व राष्ट्रीय आंदोलन से पहले ही सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन ने धर्मनिरपेक्षता का मार्ग प्रशस्त कर दिया था,और स्वतंत्रता के बाद भारत में धर्मनिरपेक्षता की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत व्यक्ति को समानता स्वतंत्रता व न्याय जैसे मानव अधिकार प्राप्त हैं।

# इसराइल हमास युद्ध - सीमित अवधि का मानवीय संघर्ष विराम समझौता लागू





वैश्विक स्तरपर कुछ देशों में आपसी मनमुटाव के संघर्ष जैसे रूस-यूक्रेन व इजरायल-हमास युद्ध का रूप धारण कर लिया है,जिसके पीछे पूरी दुनिया के देशों का पक्ष, विपक्ष समर्थन और न्यूट्रल के रहने से दुनियां तीन खेमों में बट गई थी है, जिसका परिणाम तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते कदमों से पूरी मानव जाति चिंतित है। परंतु दिनांक 22 नवंबर 2023 को अमेरिका मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता का सराहनीय परिणाम मानवीय संघर्ष विराम समझौता जो अभी चार-पांच दिनों का है और पूरी संभावना है कि इसकी अवधि जरूर बढ़ेगी,उसने फिर एक बार दिखा दिया है कि आपसी वार्ता में दम है, यही वह अस्त्र है जिससे बढ़ती मानवीय जनहानि,प्राकृतिक संसाधनों का विनाश और भयंकर युद्ध के प्रकोप को रोका जा सकता है। एक ओर यह सफलता मिली है तो दूसरी ओर अब रूस-यूक्रेन युद्ध में भी यह प्रयास किए जाने चाहिए। चूंकि कूटनीतिक जीत के सफल नतीजे आए हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, इजराइल कैबिनेट ने मानवीय संघर्ष विराम समझौता 35/3 से पारित कर वार्ता से सफलता मिलने की कहावत पर मोहर लगाई है।

साथियों बात अगर हम इजराइल हमास युद्ध विराम के लिए मानवीय संघर्ष विराम समझौते की करें तो,बुधवार को सुबह कतर के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इसकी घोषणा की गई और इसे मिस्त्र, अमेरिका और कतर द्वारा मानवीय संघर्ष विराम के लिए की गई मध्यस्थता की वार्ता का नतीजा बताया।बयान में कहा गया है, युद्धविराम चार दिन का होगा। इसमें विस्तार की भी संभावना है।बयान के अनुसार, समझौते के तहत, इजराइल द्वारा पकड़े गए फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में हमास द्वारा कब्जे में लिए गए 50 बंधकों की रिहाई होगी। दोनों पक्षों द्वारा रिहा किए जाने वालों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। बाद के चरणों में रिहा किए जाने वाले बंधकों की संख्या बढ़ सकती है।बयान के मुताबिक, इस समझौते से गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति भी बढ़ेगी और युद्धविराम से बड़ी संख्या में मानवीय सहायता एवं राहत सामग्री आपूर्ति वाहनों के काफिलों को जाने की अनुमति मिल जाएगी जिनमें ईंधन की आपूर्ति भी शामिल है। इजराइल कैबिनेट बैठक से पहले जोर दिया कि समझौता इजराइल की सेना के अभियान से हमास पर दबाव बढ़ने का नतीजा है। उन्होंने कहा कि हमास को खत्म करने, सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने और इजराइल की सुरक्षा को गाजा से कोई खतरा नहीं होने की पुष्टि समेत सारे लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा। इजराइल और हमास बुधवार को चार दिन के अस्थायी युद्ध विराम पर सहमत हो गए जिससे 150 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले गाजा में चरमपंथी समूह द्वारा बंधक बनाए गए 50 लोगों की रिहाई होगी और क्षेत्र में मानवीय सहायता आपूर्ति की अनुमति मिलेगी।

साथियों बात अगर हम समझौते पर अमेरिका इजरायल की टिप्पणियों की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक बयान में कहा, मैं कतर के शेख और मिस्त्र के राष्ट्रपति के अहम नेतृत्व और इस समझौते पर पहुंचने में उनकी भागीदारी के लिए उनका शुक्रिया अदा करता हूं।उन्होंने कहा, मैंइजराइल प्रधानमंत्री और उनकी सरकार की उस प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं जिन्होंने इस समझौते को पूरी तरह से लागू करने और गाजा में निर्दोष फलस्तीनी परिवारों की पीड़ा को कम करने के लिए अतिरिक्त मानवीय सहायता के प्रावधान सुनिश्चित करने के वास्ते एक विस्तारित विराम का समर्थन किया।यह घोषणा इजराइल के प्रधानमंत्री की उस टिप्पणी के बीच आई है जिसमें उन्होंने कहा था, हमारे सभी लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा।तेल अवीव में करीब छह घंटे चली बैठक बुधवार को सुबह खत्म हुई। बैठक के बाद इजराइल कैबिनेट ने कतर, मिस्त्र और अमेरिका की मध्यस्थता वाले समझौते को तीन के मुकाबले 35 वोट से मंजूरी दी।

साथियों बात अगर हम इस समझौते में अमेरिका कतर मिस्त्र तुर्की के योगदान की करें तो, बाइडेन ने इस डील को संभव बनाने के लिए कतर के शेख और मिस्त्र के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। कतर पिछले समय में भू-राजनीतिक गतिविधियों का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। बता दें कि अमेरिका हमास के साथ डायरेक्ट डील में शामिल न होकर कतर के जरिये इसमें साथ रहा। ऐसा इसलिए है क्योंकि इजरायली हमले में अमेरिकी नागरिक भी मारे गए थे, और कुछ अमेरिकी अभी हमास की कैद में हैं।कतर के प्रधान मंत्री ने रविवार को कहा था कि अस्थायी युद्धविराम के बदले में कुछ बंधकों को मुक्त करने का समझौता मामूली व्यावहारिक मुद्दों की वजह से रुका है और इसमें जल्द कामयाबी मिलेगी। वहीं सोमवार को, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि उनका मानना ??है कि बंधकों को मुक्त करने का समझौता करीब है।जब उनसे पूछा गया कि क्या बंधक समझौता निकट है, तो उन्होंने कहा मुझे ऐसा विश्वास हैइस पीस डील के सिलसिले में पिछले कुछ दिनों में मोसाद चीफ कतर की राजधानी दोहा के दौरे पर भी गए थे। यहां उनकी कई शीर्ष नेताओं से गुप्त मुलाकात हुई थी, लेकिन तब बात नहीं बनी थी। दरअसल इजरायली पीएम अपने रुख में किसी किस्म की नरमी का संकेत दुनिया को नहीं देना चाहते थे। वे हमेशा से यही कहते रहे कि वे अपने सभी 240 बंधकों की रिहाई चाहते हैं इसके अलावा वे हमास का खात्मा भी चाहते हैं। यही वजह है कि सीजफायर के बावजूद वे कह रहे हैं कि जंग को बंद समझना बकवास है। इस पीस डील को मुकाम पर पहुंचाने में कतर, मिस्त्र के अलावा तुर्किये ने भी अहम भूमिका निभाई है। तुर्किये कुछ मुस्लिम देशों के सीनियर अधिकारियों को मिलाकर बने ग्रुप में सक्रियता से काम कर रहा था। ये ग्रुप इजरायल हमास में सीजफायर के लिए सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों और दूसरे अहम देशों से बात कर रहा था। इस ग्रुप में तुर्किये, कतर, मिस्त्र, जॉर्डन, नाइजीरिया, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, फिलिस्तीन के विदेश मंत्री और प्रतिनिधि शामिल हैं।इजरायली पीएम को युद्ध विराम का फैसला लेने के लिए कैबिनेट की मंजूरी लेनी पड़ी। कैबिनेट की मीटिंग शुरू होने से पहले पीएम ने कहा- आज रात हमारे सामने एक कठिन फैसला लेना है, लेकिन ये सही फैसला है। दरअसल उनपर बंधकों के परिवारों का दबाव है जो चाहते हैं कि उनके प्रियजन हमास की कैद से बाहर निकलें। लेकिन वे नरमी का कोई संकेत नहीं देना चाहते हैं. इधर बिना नरमी यानी कि युद्धविराम के हमास से बात बनने वाली नहीं है।कैबिनेट मीटिंग के दौरान इजरायल की विपक्ष ने सरकार को आगाह किया कि इस डील से हमास की कैद में मौजूद सभी इजरायली बंधकों को छुड़ाने की इजरायल की काबिलियत पर नकारात्मक असर पड़ेगा। इसके अलावा हमास को मिटाने के इजरायल के मिशन को और भी जटिल बनादेगा। विपक्षी नेताओं ने कहा कि एक बार जंग को अस्थायी रुप से रोकने के बाद इसे फिर से शुरू करने में कई दिक्कतें आएंगी। उन्होंने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि आइडीएफ युद्धविराम की मियाद खत्म होते ही और बंधकों के वापस आते ही फिर से जंग शुरू करेगा। चीन इस पीस डील को मुकम्मल कराने में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं था, लेकिन ब्रिक्स सम्मेलन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सीजफायर की मांग कर-के इजरायल पर नैतिक दबाव बना दिया था। इसके अलावा चीन ईरान के जरिये भी कहीं न कहीं इस मामले में अपनी बात रख रहा था। राष्ट्रपति ने कहा था फिलिस्तीन के प्रश्न के उचित समाधान के बिना मध्य पूर्व में कोई स्थायी शांति और सुरक्षा नहीं हो सकती। चीन एक अंतरराष्ट्रीय शांति सम्मेलन शीघ्र बुलाने का आह्वान करता है जो शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय सहमति बनाने और फिलिस्तीन के प्रश्न के शीघ्र समाधान की दिशा में काम करने के लिए अधिक व्यापक, न्यायसंगत और टिकाऊ हो। फिलिस्तीन इजरायल मुद्दे पर ब्रिक्स के वर्चुअल शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि बार बार होने वाले फिलिस्तीनी इजरायलसंघर्षों से बाहर निकलने का मूल तरीका टू स्टेट समाधान को लागू करना है, फिलिस्तीनी राष्ट्र के वैध अधिकारों को बहाल करना और एक स्वतंत्र फिलिस्तीन राज्य की स्थापना करना है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इसराइल हमास युद्ध - सीमित अवधि का मानवीय संघर्ष विराम समझौता लागू अमेरिका मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता का सराहनीय परिणाम - मानवीय संघर्ष विराम समझौता।कूटनीतिक जीत का सफल नतीजा - इजराइल कैबिनेट ने मानवीय संघर्ष विराम समझौता 35/3 से पारित किया - वार्ता से ही सफलता की सुनिश्चिता पर मुहर।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

# भारत की बढ़ती विशाल जनसंख्या के प्रति अनदेखी



भारत की विशाल जनसँख्या आजकल राजनैतिक गलियारों में खासी चर्चा का विषय बनी हुई है भारत की बढ़ती जनसंख्या के सन्दर्भ में मशहूर विचारक गार्नर का कहना है कि जनसंख्या किसी भी राज्य के लिए उससे अधिक नहीं होनी चाहिए जितनी साधन संपदा उसके पास है जनसंख्या किसी देश के लिए तब तक वरदान होती है, जब तक वह अपनी सीमा रेखा के पार ना जाए पार जाने के बाद वह धीरे-धीरे अभिशाप का रूप लेने लगती है वर्तमान समय में भारत की जनसंख्या चीन के बाद दूसरे नंबर पर हैहमारे सामने अभी जनसंख्या विस्फोट की बड़ी समस्या है पर विगत 20 वर्षों से पूरे विश्व के उपभोक्ता सामानों के उत्पादक कंपनियां इसे बड़ी पोटेंशियलिटी यानी बड़ी ताकत मानती है,अभी भारत की जनसँख्या अनुमानित 140 करोड के लगभग है पर हिंदुस्तान में 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 121 करोड़ जनसंख्या निवास करती है। यह विश्व की जनसंख्या की 17.4% होती है स्वतंत्रता प्राप्ति के समय की जनसंख्या 36 करोड़ थी, और आज हम 140 करोड़ से कहीं ऊपर जा चुके हैं आज के उपभोक्तावादी समय में कोई इसे बड़ी समस्या मानने को तैयार नहीं हैं राजनेता वोटो की राजनीती के चलते इस पर मौन साधे बैठे हुए हैइसकी तरफ कोई ध्यान भी देने को राजी नहीं है मशहूर अर्थशास्त्री माल्थस ने कहा है कि जनसंख्या ज्यामितिय अनुपात में आगे बढ़ती है, और उत्पादन अंक गणित के हिसाब से आगे बढ़ता है उन्होंने यह कहा है कि जनसंख्या के अत्यधिक बढ़ जाने से उसे महामारी तथा प्राकृतिक विपदा से अपने नियंत्रण में कर लेती है जनसंख्या के संदर्भ में यह बात सही ही उतरती है करोना ने पूरी वैश्विक जनसंख्या को जिस तरह अपने संक्रमण में लिया था, और लाखों लोगों को मौत के घाट उतारो ऐसे में अर्थशास्त्री माल्थस की भारत के सन्दर्भ में भविष्यवाणी सच होती दिखाई देती है वैसे तो भारत में जनसंख्या के विस्फोट के कई कारण हैं, जिनमें जन्म मृत्यु का असंतुलन, कम उम्र में विवाह, अत्यधिक निरक्षरता,धार्मिक दृष्टिकोण, निर्धनता मनोरंजन के साधनों की कमी, एवं अंधविश्वास हैं पर आज वैश्विक स्थिति में भारत बड़ी उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के लिए एक बहुत बड़ा और सशक्त आर्थिक स्थिति पैदा करने वाला बाजार है इस बाजार में आधिपत्य जमाने के लिए बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर फैलाने की कोशिश कर रही है भारत तथा विश्व में होने वाले ब्यूटी कॉन्टेस्ट में भारत की सुंदरियों को विश्व का खीताब जिताने के पीछे उपभोक्तावाद संस्कृति का ही बड़ा हाथ है इसके पीछे सौंदर्य प्रसाधनों को हिंदुस्तान की जनता को ज्यादा से ज्यादा बेचना भी थो आज हिंदुस्तान की 121 करोड़ जनता को रोजमर्रा के सामान बेचने के लिए देशी विदेशी कंपनियों की होड़ लगी हुई है भारत में सबसे ज्यादा अमेजॉन विदेशी कंपनी द्वारा भारत में ऑनलाइन सामान बेचने का रिकॉर्ड ही बन गया है आज इतनी बड़ी जनसंख्या को अनाज तथा भोजन बनाने के सामान को लेकर विश्व की दो बड़ी कंपनियां आमने-सामने हो गई हैं विदेशी कंपनी अमेजन आक्रामक रूप से भारत में अपनी मौजूदगी तथा अस्तित्व को बनाए रखने के लिए तेजी से प्रयासरत है उसे पूरी आशा है कि वह उभरते हुए मार्केट पर अपना कब्जा बनाए रखेगी वहीं दूसरी तरफ भारत की बहुत बड़ी कंपनी रिलायंस भी ई-कॉमर्स मार्केटिंग में घरेलू सामानों को बेचने पर अमादा है दोनों बड़ी कंपनियों में आज बहुत बड़े तनाव की स्थिति आ गई है विशेषज्ञों का कहना है कि अमेजॉन के साथ रिलायंस कंपनी का भविष्य कानून की लड़ाई के उपरांत ई-कॉमर्स का भविष्य ही निर्धारित होगो अमेजॉन के संस्थापक जैफ बेजॉस ने अमेजॉन को वैश्विक पैमाने पर रिटेल के धंधे को परिवर्तित करके रख दिया है पर रिलायंस के मालिक मुकेश अंबानी जो कथित रूप से भारत के सबसे अमीर व्यक्ति हैं उनका इतिहास भी किसी भी कानूनी अथवा बाजार की लड़ाई में हारने वालों में नहीं रहा है अब अमेजॉन तथा रिलायंस के सामने मुसीबत खड़ी हो गई है कि दोनों कंपनियों द्वारा भारत की एक भारतीय रिटेल कंपनी फ्यूचर रिटेल ग्रुप के साथ अलग-अलग सौदे किए हैं यदि भारत की रिलायंस कंपनी को फ्यूचर रिटेल ग्रुप से सौदे की मंजूरी मिल जाती है तो रिलायंस कंपनी को रिटेल में उसकी पहुंच भारत के 420 शहरों में अट्ठारह सौ से 2000 हजार स्टोर तक हो जाएगी क्योंकि रिलायंस के पास पैसा राजनैतिक ताकतदोनों है,जो कि व्यापार के लिए अति आवश्यक होती हालांकि ई-कॉमर्स व्यवसाय में रिलायंस कंपनी को अभी बहुत कुछ हासिल करना है, उस उस क्षेत्र में महारत हासिल नहीं है और यदि अमेजॉन सफल होती है,तो रिलायंस कंपनी को एक बड़ा नुकसान भी झेलना पड़ सकता है।

# संविधान और बाबासाहब अम्बेडकर"



**लेखक - डॉ आदेश मिश्र**

**जौनपुर।** देश आज रविवार, 26 नवंबर को संविधान दिवस मना रहा है। इस बार संविधान दिवस अधिक खास होने जा रहा है। क्योंकि आजादी के 76 साल बाद उच्चतम न्यायालय में संविधान निमार्ता और भारत रत्न बाबासाहब अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस महनीय कार्य के सूत्रधार उच्चतम न्यायालय के 50वें मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ जी हैं। अम्बेडकर जी स्वयं एक महान विधिवेत्ता और देश के प्रथम कानून मंत्री थे। अतः मौलिक अधिकारों का रक्षक उच्चतम न्यायालय में ऐसे व्यक्ति का सम्मान पहले ही हो जाना चाहिए था। किन्तु देर ही सही अब ये होने जा रहा है। सोने पर सुहागा यह है कि इस प्रतिमा का अनावरण एक ऐसी सशक्त और प्रेरणादायी व्यक्तित्व के माध्यम से होने जा रहा है जो स्वयं आदिवासी समुदाय से आती हैं।

अनावरण देश की 15वीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के कर -कमलों से होने जा रहा है। देश एक महत्वपूर्ण परिदृश्य का साक्षी होगा, जब प्रतिमा का अनावरण करने वाला और जिसके प्रतिमा का अनावरण होने जा रहा दोनों समाज के वंचित समुदाय से आते हैं। और कहीं ना कहीं जातीय विभेद का सामना किये है, लेकिन अपनी प्रतिभा और काबिलियत के कारण समाज के सिरमौर बन गए। आज जब भी भारतीय संविधान की बात आती है तो बाबासाहब अंबेडकर का नाम स्वयं जुड़ जाता है ऐसा प्रतीत होता है कि संविधान और अंबेडकर जी का नाम एक दूसरे के पूरक हो चुके हैं। 2015 से 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाने की परिकल्पना वर्तमान राजग सरकार द्वारा किया गया, क्योंकि 26 नवंबर 1949 को हम भारत के लोग ने संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित किया था।

संविधान दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया था कि नई पीढ़ी को संविधान बनने की प्रक्रिया, उद्देश्य से जोड़ा जाए। वर्ष में कम से कम एक दिन संविधान की प्रस्तावना का वाचन उद्बोधन और व्याख्यान हो, वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी आदि के माध्यम से छात्रों को जागरूक किया जाए।

बाबासाहब अंबेडकर जी ने संविधान निर्माण में उन समस्त पहलुओं को ध्यान में रखा जिससे समाज के उन्नयन के लिए आवश्यक सभी लाभों को जन -जन तक पहुंचाया जा सके।संविधान के तीसरे भाग मौलिक अधिकारों में सबसे पहले अनुच्छेद 14 से 18 के अंतर्गत समानता का अधिकार रखा गया, जिसमें धर्म, मूल वंश, जाति, लिंग, जन्म स्थान के आधार पर किसी भी व्यक्ति से भेदभाव न किया जाये और अनुच्छेद 17 में अस्पृश्यता का अंत भी शामिल किया गया। इसके दृष्टिगत 1955 में अस्पृश्यता निवारण अधिनियम भी संसद से पास करवाया गया। क्योंकि संविधान बनाने वाले अधिकांश सदस्यों ने अपने आस -पास इस भेदभाव का सामना किया ही था। यही कारण है कि संविधान में सबसे पहले अधिकार वाला भाग रखा गया उसके बाद कर्तव्यों का। अधिकार वाला भाग पहले इसलिए कि दशकों से शोषित, वंचित और गुलामी की यातना झेल रहे भारतीयों को पहले अधिकार से युक्त किया जाए उसके बाद अपने कर्तव्यों का पालन कर सभी नागरिक देश को एक महान ऊंचाई तक ले जाने में योगदान दे सकें। यह उस संविधान की ही देन है कि लोकतंत्र व्यक्ति के दरवाजे तक पहुंचा है और एक घास छीलने वाले,भेड़-बकरी चराने वाले को भी इतना अधिकार है कि ग्राम प्रधान से लेकर राष्ट्रपति पद तक वह दावेदार है।

आज जब संविधान दिवस के दिन अंबेडकर जी को उनके योग्य, सम्मान, न्याय के सबसे पवित्र और बड़े मंदिर उच्चतम न्यायालय के प्रांगण में प्रतिमा का अनावरण करके दिया जा रहा है तो समस्त देशवासी को यह प्रतिज्ञा करना चाहिए कि देश के विकास में अपने व्यक्तिगत योगदान को अवश्य प्रदान करें यही संविधान का सम्मान और संविधान निमार्ता बाबा साहब अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# अन्तिम पायदान पर खडे व्यक्ति तक पहुंचे विकासः सांसद

## जनप्रतिनिधियों के सुझाव मानें अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**



निगरानी समिति की बैठक में बोलते सांसद।

**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल की अध्यक्षता व जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की मौजूदगी में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की गरीब कल्याण की योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन हो। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचे। जनप्रतिनिधियों के सुझाव का अनुपालन किया जाए।

शनिवार को कलेक्टेज्ट सभागार में निगरानी समिति की समीक्षा बैठक में सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि चित्रकूट पर्यटन का केंद्र बिंदु है। मुख्यमंत्री की चित्रकूट पर निगाह है। राम वनगमन मार्ग की जमीन का अधिग्रहण समय से हो, ताकि विकास कार्य को गति मिले। लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सिगवां से डभौरा की ओर सड़क जोड़ी जाये। गौशाला संचालन में गोवंशों को अच्छे से संरक्षित किया जाए। बेड़ीपुलिया से मंदाकिनी नदी तक नाला दोनों ओर बनाया जाये, टेढ़ा-मेढ़ा, ऊंचा-नीचा बनाने पर डीएम-सीडीओ से कहा कि कमेटी बनाकर जांच कराकर आख्या दें। सड़कों किनारे वन विभाग के वृक्षारोपण के सत्यापन की सूचना दें। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना से रोजगार मेला लगवायें। गांव की गलियों में पाइपलाइन डालने पर तोड़ी गई सडकें बनाई जायें। प्रधान से प्रमाण पत्र लें, तभी जल जीवन मिशन एजेंसी को भुगतान किया जाए। भू-मानचित्र के डिजिटाइजेशन पर जिलाधिकारी से कहा कि जिन गांवों में चकबंदी के नक्शा बना रहे हैं, वह सही ढंग से बनें। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लव प्रकाश यादव से कहा कि बच्चों की यूनिफॉर्म बाबत अभिभावकों से बैठक कर ड्रेस खरीदें। डफाई-भरतकूप आसपास के विद्यालयों की जांच करें। जिला खनिज अधिकारी से कहा कि पत्थर की खदानों के और पट्टे करायें। भूमि संरक्षण अधिकारियों से कहा कि खेत तालाब योजना के कार्य पहाड़ी ब्लाक में किसानों को जो लाभ दिया है, उसमें भूमिहीनों की जांच कराई जाए। सीडीओ से कहा कि बने तालाबों की 15 दिन के अंदर जांच कराकर रिपोर्ट दें। विधायक मानिकपुर अविनाशचंद्र द्विवेदी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि लाभार्थियों के घरों पर मीटर तो लगा दिये हैं, विद्युत नहीं दी जा रही, बिल आ रहे हैं, समाधान कराए। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से कहा कि मनरेगा योजना से रमपुरिया, ऊंची, दुबारी में कोई कार्य नहीं हो रहे। कार्य कराये जायें। लोनिवि अधिकारियों से कहा कि राजापुर-हटवा संपर्क मार्ग, गोबरौल सड़क ध्वस्त है, ठीक करायें। सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि चिल्लीमल नहर का पानी बुधवल माइनर तक नहीं जा रहा, ठीक करायें। उदघटा के पास पुलिया टूटी है उसे ठीक करायें। सिरावल पंप कैनाल चालू रहे। बैठक के अंत में सीडीओ अमृतपाल कौर ने सांसद-विधायक समेत सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि बैठक में दिए निदेर्शों का पालन कराया जाएगा। संचालन जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी ने किया। बैठक में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के सदस्य भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, मानिकपुर प्रमुख अरविंद मिश्रा, रामनगर प्रमुख गंगाधर मिश्रा, सदस्य विधान परिषद प्रतिनिधि अभिषेक ओझा, श्रीमती सरस्वती देवी, अभिमन्यु सिंह, रामचंद्र वर्मा समेत सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, भाजपा नेता राजकुमार त्रिपाठी, रवि प्रकाश त्रिपाठी व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल खासतौर पर मौजूद रहे।

# पीडित को समाधान की दें जानकारीः एएसपी



समस्या सुनते एएसपी।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना मऊ व बरगढ़ में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। इसी क्रम में जिले के सभी थानों व चैकियों में समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनी गईं।

शनिवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि भूमि विवाद के मामले राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर जांचकर निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस के मामलों का सत्यापन शासन स्तर से होता है। ऐसे मामलों में लापरवाही न बरतें। पीडित को भी शिकायत के समाधान की जानकारी दें। इस मौके पर अपराध निरीक्षक अभयराज प्रताप सिंह व राजस्व तथा पुलिस विभाग के लोग मौजूद रहे।

# लोकतंत्र की मजबूती को बनें मतदाता

**अखंड भारत संदेश**



रैली निकालते सीआईसी के छात्र।

**चित्रकूट।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत कर्वी विधानसभा में नये मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदाता सूची में शामिल करने को चित्रकूट इण्टर कालेज कर्वी से छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। शनिवार को चित्रकूट इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान व एसडीएम सौरभ यादव की अगुवाई में कालेज के दो सौ नेशनल कैडेट कोर के छात्रों व दस अध्यापकों ने मतदाताओं को जागरूक करने को रैली निकाली। प्रधानाचार्य ने रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। ये रैली पटेल तिराहा, ट्राफिक चैराहा एवं एलआईसी चैराहा से होते हुए चित्रकूट इण्टर कालेज में समाप्त हुई। रैली में एसडीएम सौरभ यादव व प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती को ज्यादा से ज्यादा लोग मतदाता बनें। मतदाता बनकर ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान में हिस्सा लेकर लोकतंत्र को मजबूत करें।

# परिजनों को बच्चे बतायें यातायात नियमः मनोज

**अखंड भारत संदेश**



छात्रों को जागरूक करते प्रभारी।

**चित्रकूट।** यातायात माह में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ यातायात राज कमल की देखरेख में प्रभारी यातायात निरीक्षक मनोज कुमार ने यातायात टीम के साथ परम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिवरामपुर में छात्रों के साथ गोष्ठी की। शनिवार को यातायात जागरूकता गोष्ठी में यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में बताया। नियमों का पालन करने को प्रेरित किया। कहा कि परिजनों को यातायात नियमों का पालन करने को कहें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करें। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाए। 18 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद ड्राइविंग लाइसेंस बनवाये। साइकिल व वाहन से स्कूल आते-जाते समय हमेशा बायीं ओर चलें। सावधानी से वाहन चलाए।

# विद्युत से जल्द जगमगायेंगे विस्तारित मोहल्लेः ईओ



नालियों की सफाई कराते ईओ-वार्ड मेम्बर।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत अभियान को गति देते हुए नगर पालिका कर्वी ने नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया। शास्त्री नगर में साफ-सफाई का कार्य सफाई नायक अमित कुमार ने वार्ड मेम्बर शंकर यादव की मौजूदगी में कराया। शनिवार को सफाई अभियान के तहत नालियों की तली से जमा कचरा निकाला गया। घास-फूस हटाकर नालियों की जल निकासी ठीक कराई गई। ईओ लालजी यादव ने सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए मोहल्ले वासियों से कहा कि साफ-सफाई का कार्य सिर्फ नगर पालिका के भरोसे संभव नहीं है, सभी लोगों का सहयोग चाहिए। लोग घरों का कूड़ा-कचरा नालियों में न फेकें। नगर वासियों से अनुरोध किया कि कूड़ा गाड़ी हर मोहल्ले में जा रही है, सभी लोग घरों का कूड़ा-कचरा गाड़ी में डालें। इधर-उधर न फेंके। साफ-सफाई संचारी रोगों की रोकथाम को आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार नगरों को साफ स्वच्छ रखने को निर्देश दिए हैं। शासन की मंशानुसार शहर में साफ सफाई को नगर पालिका अभियान चला रही है। मोहल्ले वालों ने उनसे अधूरा नाला पूरा कराने, जमरेही नाथ वाले नाला को शिवपुरी स्कूल तक बढ़ाने व राजपूत स्कूल के पास जल भराव की समस्या दूर करने, सभी गलियों में प्रकाश व्यवस्था कराने की मांग की। ईओ ने कहा कि पालिका ने पांच सौ लाइट खरीदी हैं। जल्द ही प्रकाश व्यवस्था विस्तारित मोहल्लों में की जाएगी।

# कर्वी-पहाडी ब्लाक में विधायक ने सडकों का किया लोकार्पण

## विधायक के कार्यों को लोगों ने सराहा

**अखंड भारत संदेश**



लोकार्पण करते विधायक।

**चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने कर्वी विधानसभा के एक दर्जन गांवों में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया। ये सभी कार्य बुन्देलखण्ड विकास निधि (जिलांश) योजना से कराये गये हैं। शनिवार को विधायक अनिल प्रधान ने कर्वी ब्लाक के कवीर्माफी रामशरण नगर में उदय सिंह के घर से देवेन्द्र सिंह कैशियर बीओबी के घर तक इण्टरलाकिंग रोड़ व नाली निर्माण, अमानपुर गांव में मनीष सिंह के घर से श्रीमती अर्चना कुशवाहा के घर तक इण्टरलाकिंग रोड़ एवं नाली निर्माण, भीठाखेड़ा में रामसिंह के बाडा से राजाराम यादव पुत्र नत्थू यादव के घर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण, कपना में गरीबदास रैकवार के घर से गेडुवा नाला की तरफ नाला निर्माण, पहाड़ी ब्लाक के बछरन में बडा तालाब के नीचे से श्मशान घाट तक इण्टरलाकिंग सडक निर्माण, उत्तमपुर गांव में फेरम मास्टर के घर से प्रमोद के घर तक इण्टरलाकिंग रोड़ एवं नाली निर्माण, खोंपा (सिकरी) में तालाब से प्राथमिक विद्यालय सिकरी तक इण्टरलाकिंग रोड़ एवं नाली निर्माण, वीर घुमाई केवटन पुरवा में रामसिंह निषाद के घर से उदयभान सेंगर के घर तक इण्टरलाकिंग सडक निर्माण, वीर घुमाई गंगू के मजरा धौरहरा में कुन्ना वर्मा के घर से शिवदयाल के घर तक रोड एवं नाली निर्माण, चिल्लीमल में रामरतन वर्मा के घर से अजमत खान के घर तक इण्टरलाकिंग रोड़ एवं नाली निर्माण का लोकार्पण विधायक ने किया है। उन्होंने लोकार्पण में कहा कि वह विपक्ष में रहते हुए जो भी ज्यादा से ज्यादा हो रहा है, कार्य कर रहे हैं। उनके कार्य करने में अधिकारी आदि रोडें भी अटकाते हैं। इसकी परवाह किये बिना वह कार्य जारी किये हैं। ग्रामीण जनता ने विधायक के कार्यों की भूरि-भूरि सराहना की है।

## तीन को होगी निःशुल्क आवासीय शिक्षा परीक्षा

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार एवं शिव नादर फाउंडेशन ने प्रदेश के सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्र के निर्धन छात्र-छात्राओं, जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय एक लाख रुपए से कम हो, उन्हें कक्षा 6 से 12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा देने को तीन दिसंबर से परीक्षा दो पालियों में होगी। शनिवार को बीएसए ने बताया कि प्रथम पाली सवेरे साढे दस बजे केवल बालिकाओं व द्वितीय पाली अपरान्ह ढाई बजे से केवल बालकों की परीक्षा होगी। इस परीक्षा के केंद्र चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी बनाये गये हैं। दोनों पालियों में परीक्षार्थी को परीक्षा समय से एक घंटे पहले केंद्र में पहुंचना अनिवार्य है। बीएसए ने सभी परीक्षार्थियों के अभिभावकों से कहा है कि अधिक से अधिक तादाद में बच्चों को प्रवेश परीक्षा में हिस्सा दिलाकर भविष्य संवारें।

# खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के प्रभारी बने अजीत सिंह

**अखंड भारत संदेश**



प्रभारी अजीत सिंह।

**चित्रकूट।** 9वें खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह को यूपी बुंदेलखंड प्रभारी घोषित किया है। फेस्टिवल के संयोजक फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला के प्रति आभार जताया है। जल्द ही प्रभार वाले बुंदेलखंड के सात जिलों में पीले चावल लेकर प्रतिभाओं को आमंत्रित करेंगे। शनिवार को फेस्टिवल के यूपी बुंदेलखंड प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि 9वें खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 16 से 22 दिसंबर तक खजुराहो में होगा। फिल्म फेस्टिवल में यूपी बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को हर बार मंच मिलता है। यहां फिल्मी हस्तियों का जमावड़े से सैकड़ों फिल्में प्रदर्शित की जाती हैं। बुंदेली कला संस्कृति से मायानगरी मुंबई के कलाकार हर बार अभिभूत नजर आते हैं। फिल्म फेस्टिवल के संयोजक अभिनेता राजा बुंदेला मुंबई में फिल्मी हस्तियों से सम्पर्क कर रहे हैं। दिल्ली, लखनऊ, भोपाल में दिग्गज नेताओं को फेस्टिवल में आमंत्रित करेंगे। आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। महोबा व झांसी का आल्हा, हमीरपुर की कबीरी, बांदा का देवारी नृत्य, चित्रकूट की कोल्हाई, जालौन की राई समेत बुंदेलखंड की अन्य विधाओं को फिल्मी हस्तियों के समक्ष प्रस्तुति का मौका मिलेगा। युवा फिल्म निमार्ताओं, शार्ट फिल्म, फिल्म, वृत्त चित्र आदि बनाने वालों को मौका मिलेगा। गायन व डांस की एकल व युगल विधा में दक्ष युवाओं को अवसर मिलेंगे।

# डॉ बीके जैन हीरोज ऑफ इण्डियन अवार्ड से सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**



सम्मानित होते डॉ बीके जैन।

**चित्रकूट।** परमहंस संत रणछोड़दासजी महाराज के स्थापित नेत्र चिकित्सा को विश्वस्तरीय विख्यात श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी/डायरेक्टर डॉ बीके जैन ने केरला में केरला ऑफ्थलमोलॉजी सोसाइटी के गोल्डेन जुबली एनुअल कार्यशाला में हिस्सा लिया।

ट्रस्टी डॉ बीके जैन के कार्यशाला में देश के कोने कोने से नेत्र चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। सबने एक दूसरे से अनुभव साझा किए। नेत्र चिकित्सा के भीष्म पितामह श्री सदगुरू सेवा संघ के ट्रस्टी/डायरेक्टर डा बीके जैन को नेत्र चिकित्सा क्षेत्र में उनके किये योगदान के लिए बहुप्रतिष्ठित हीरोज ऑफ इण्डियन ऑफ्थलमोलॉजी अवार्ड से सम्मानित किया। डा जैन ने कार्यशाला के कुशल प्रबन्धन पर वक्तव्य दिया। श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट की शुरू से अब तक की विकास यात्रा की उपलब्धियां साझा किया। डा जैन ने उपलब्धि के लिए सदगुरू परिवार को श्रेय दिया। कहा कि ये अवार्ड उन्हें नही, वे तो अवार्ड व सम्मान के निमित्त मात्र हैं। ये सम्मान ये अवार्ड सदगुरू परिवार के सभी सदस्यों की मेहनत का नतीजा है। मुख्य श्रेय सदगुरू परिवार से जुड़े एक-एक सदस्य व कार्यकर्ता को जाता है। गर्व जताया कि सदगुरू परिवार के सभी सदस्यों व कार्यकताओं की वजह से देश-विदेश में सम्मान मिल रहा है।

# पिता-पुत्री के विवाद को थानाध्यक्ष ने सुलझाया

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने जिला पुलिस के साथ स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सीओ राजपुर/नोडल अधिकारी स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरियेंस लर्निंग प्रोग्राम श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की मौजूदगी में राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर से चयनित छात्र/छात्राओं को थाना मानिकपुर का भ्रमण कराया। शनिवार को उन्होंने सभी छात्रों को थाने की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। प्रतिभागी छात्र/छात्राओं ने निशा पुत्री नत्थू निवासी सर्वदापुरवा सरहट के पिता-पुत्री के विवाद की जानकारी दी। पिता-पुत्री के विवाद को थानाध्यक्ष ने सुलझाया।

# पहाडी ब्लाक के बच्चे जिले में आये तीसरी पोजीशनः अखिलेश

**अखंड भारत संदेश**



बच्चों को प्रोत्साहित करते जिलाध्यक्ष आदि।

**पहाड़ी/चित्रकूट।** ब्लाक संसाधन केन्द्र पहाड़ी में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक कार्यकारिणी में मण्डलीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर बालक वर्ग मे आशीष कुमार 50 मीटर प्रथम, जूनियर स्तर बालिका/बालक वर्ग मे अंशिका देवी व प्रमोद कुमार ने ऊंचीकूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्टेट रैली में स्थान बनाया है।

शनिवार को पहाडी ब्लॉक का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र/छात्राओं को पुरस्कार दिये गये। विजेताओं को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ पहाड़ी ब्लाक अध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय व जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने प्रतिभागी छात्रों को ट्रैक सूट, टिफिन व प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया। टीम प्रभारियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि नौकरी के 24 वर्षों में पहली बार पहाड़ी ब्लॉक जिले में तीसरी पोजीशन में आया है। ये सब ब्लाक व्यायाम शिक्षक पहाड़ी व टीम प्रभारियों के प्रयासों से सम्भव हो सका है। सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि पहाड़ी ब्लॉक ऐसे ही उन्नति करता रहे।

ब्लॉक अध्यक्ष पहाड़ी अमित कुमार पाण्डेय ने कहा कि सतत लगन व कड़ी मेहनत से बच्चे आगे बढे हैं। प्रदेश की प्रतियोगिताओं में भाग लेने को योग्य साबित हुए हैं। शिक्षकों की मेहनत से प्रदेश में भी चित्रकूट का परचम लहरायेगा। संचालन अशोक त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर श्रीनारायण सिंह, विजय शुक्ला, कमलेश कुमार कुशवाहा, सुरेंद्र सिंह, पारसनाथ, रामभूषण पाण्डेय, प्रवीण कुमार द्विवेदी, राजेन्द्र तिवारी, व्यायाम शिक्षक श्यामसुंदर यादव, सन्तोष कुमार मौर्य, धनन्जय द्विवेदी, राम नारायण साहू आदि मौजूद रहे।

## चोरी-माल बरामद में जेल में बिताई अवधि की सजा

**मानिकपुर/चित्रकूट।** ग्राम न्यायालय मानिकपुर ने दो लोगों को चोरी व माल बरामद मामले में अलग-अलग सजा सुनाई है।

शनिवार को ग्राम न्यायालय ने मौसम उर्फ लल्ला बसोर पुत्र राकेश निवासी चिकान टोला शंकरगढ जिला प्रयागराज को चोरी व माल बरामद मामले में जुर्म साबित होने पर 23 नवम्बर को जेल में बिताई अवधि आठ माह 13 दिन व चोरी में पांच दिन का अतिरिक्त कारावास तथा एक हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है। जुमार्ना अदा न करने पर तीन दिन का कारावास भुगतना होगा। इसी क्रम में लालाराम कोल पुत्र स्व जयलाल कोल निवासी ऐलहा बैदहा थाना सभापुर सतना मप्र को ग्राम न्यायालय ने जुर्म साबित होने पर 23 नवम्बर को जेल में बिताई अवधि 14 माह 14 दिन व चोरी के मामले में पांच दिन का अतिरिक्त कारावास तथा एक हजार रुपये जुमार्ना से दंडित किया है। माल बरामद मामले में पांच दिन का अतिरिक्त कारावास व एक हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। जुमार्ना न देने पर तीन दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# सिकरी गांव में प्रधान-सचिव-ठेकेदार लगा रहे सरकारी धन को ठिकाने

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के सिकरी गांव में विकास कार्यों में प्रधान व सचिव की मिलीभगत से ठेकेदार मनमानी करते हुए सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे हैं।

रामनगर ब्लाक के सिकरी गांव में प्रधान-सचिव व ठेकेदार की धांधली का खुलासा शनिवार को हुआ। बताया गया कि कंपोजिट विद्यालय सिकरी की चहारदीवारी निर्माण में धांधली की जा रही है। सरकारी मानकों को दर किनार कर चहारदीवारी निर्माण हुआ है। गौशाला की चहारदीवारी निर्माण में भी धांधली बरती गई है। सिकरी के मजरा राम सिंह पुरवा में विद्यालय कायाकल्प में गोलमाल हुआ है। हाई प्रोफाइल पेंटिंग कराकर कार्य की गुणवत्ता छिपाई है। विद्यालय की चहारदीवारी गिर गई है। सिकरी में प्रधानमंत्री आवास में भी बड़ी धांधली हुई है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की है, जांच लंबित है। प्रधान-सचिव-ठेकेदार की मिलीभगत से सरकारी धन का बंदरबाट हो रहा है। जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए अंजान बने हैं।

# खाद को किसानों के साथ धरने पर बैठे विधायक, अधिकारियों को फटकारा, सरकार के सभी वायदे फेल

## विधानसभा में उठेगा मुद्दाः अनिल प्रधान

**अखंड भारत संदेश**



धरने पर बैठे विधायक।

**चित्रकूट।** खाद की किल्लत को लेकर किसानों की मारामारी को देखते हुए सदर विधायक अनिल प्रधान ने पहल की है। खासतौर पर किसानों के लिए समर्पित अनिल प्रधान ने सवेरे से शाम तक लाइन में खड़े मजबूर किसानों को खाद न मिलने पर ये पहल की है। शनिवार को जिला मुख्यालय गल्ला मंडी में किसानों की भारी भीड लगी होने की जानकारी मिलने पर सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान गल्ला मंडी पहुंचे। खाद वितरण केंद्र में विधायक ने दो घंटे तक किसानों के साथ धरना दिया। सवेरे से खाद न होने से केंद्र बंद था। कुछ खाद केंद्र में रखी थी। किसान लाइन पर सवेरे सात बजे से खडे थे। लाइन में पुरुष व महिलायें बिना नहाये-खाये खाद के इंतजार में बैठे थे। विधायक अनिल प्रधान ने अधिकारियों को फटकार लगाई। केन्द्र खुलवाकर खाद वितरित करवाई। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार चाहे जितने वायदे कर ले, धरातल पर सभी वायदे फेल नजर आ रहे हैं। किसानों को बुवाई को खाद नहीं मिल रही है। इससे बड़ा संकट किसानों के सामने क्या हो सकता है। उन्होंने जिले के नेताओं से कहा कि बयानों में कहते हैं कि पर्याप्त खाद है। खाद की कमी नहीं होगी, धरातल पर खाद को मारामारी है। हमारी सरकार में किसी को खाद-बीज की कमी नहीं झेलनी पड़ी। यही हाल रहा तो ये मुद्दा विधानसभा में मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया जायेगा।

## कराची के शॉपिंग मॉल में लगी आग, नौ लोगों की मौत



**कराची**
पाकिस्तान में कराची के राशिद मिन्हास रोड पर स्थित आरजे मॉल में शनिवार को आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति जख्मी हो गया।
अस्पताल प्रबंधन और पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी सुम्मैया सैयद ने स्थानीय मीडिया को बताया कि नौ शव अस्पतालों में लाए गए हैं, जिनमें से आठ जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर (जेपीएमसी) में और एक सिविल अस्पताल कराची (सीएचके) में लाया गया।
उन्होंने कहा कि एक 18 वर्षीय युवती को वर्तमान में सीएचके में भर्ती कराया गया था। मुख्यमंत्री आवास को सौंपी गई एक रिपोर्ट में जिला पूर्वी उपायुक्त अल्ताफ शेख ने कहा, ह्लमॉल में लगी भीषण आग मे 22 लोगों को बचाया गया और उपचार के लिए जेपीएमसी भेज दिया गया, जिनमें से एक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।ह्व
वहीं डॉन न्यूज के मुताबिक श्री शेख ने कहा कि इमारत की चौथी मंजिल तक सफाई का काम पूरा कर लिया है, जबकि पांचवीं और छठी मंजिल को खाली कराने का काम चल रहा है।
शारिया फैसल पुलिस थाने के प्रभारी (एसएचओ) राजा तारिक महमूद ने मीडिया को बताया कि इमारत एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान है, जिसमें शॉपिंग सेंटर, कॉल सेंटर और सॉफ्टवेयर हाउस था।
दमककर्मी एवं राहत विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें सुबह 6:30 बजे शॉपिंग मॉल में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकर्मी सहित आठ गाड़ियों, दो स्नोर्कल और दो बाउजर को घटना स्थल पर भेजा गया था।
उन्होंने कहा कि दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है और अब राख को ठंडे करने की प्रक्रिया चल रही है।

## ब्रिटेन में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर अमेजन के कर्मचारी हड़ताल पर



**लंदन**
ब्रिटेन में अमेरिकी ऑनलाइन रिटेलर अमेजन के एक प्रमुख गोदाम के बाहर 1,000 से अधिक कर्मचारी वेतन वृद्धि की मांग को लेकर शुक्रवार को हड़ताल पर चले गए।
द इंडिपेंडेंट अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। जीएमबी यूनियन ने कहा कि कोवेंट्री में कंपनी की साइट पर कर्मचारियों तथा कंपनी के बीच 28 दिनों से वेतन को लेकर विवाद चल रहा है।
जीएमबी के क्षेत्रीय आयोजक अमांडा गियरिंग ने बताया, ह्लकर्मचारी 15 पाउंड (18.9डॉलर) प्रति घंटे के हिसाब से वेतन चाहते हैं... यह मांग बहुत ज्यादा नहीं है। यह अरबों पाउंड की कंपनी है, जो इसे वहन कर सकती है, लेकिन दुर्भाग्य से, वे सुन नहीं रहे हैं।ह्व
उन्होंने कहा, ह्लकंपनी के खिलाफ प्रदर्शन अमेरिका, इटली और स्पेन सहित कई अन्य देशों में हो रहे हैं और यह कंपनी के 30 साल के इतिहास में सबसे बड़ा व्यवधान होगा। उधर, अमेजन ने इंडिपेंडेंट को बताया कि हड़ताल के कारण ग्राहकों को कोई व्यवधान होने की उम्मीद नहीं है। ब्रिटेन में पिछली सर्दियों से कर्मचारी नियमित रूप से हड़ताल कर रहे हैं, क्योंकि लोग देश में ऊर्जा की बढ़ती कीमतों और बढ़ती मुद्रास्फीति के कारण बिगड़ती आर्थिक स्थिति पर अपना असंतोष व्यक्त करते हैं।

## गाजा से 105 लोगों को लेकर मास्को पहुंचा रूस का विमान

**मास्को**
गाजा पट्टी से निकाले गए 105 रूसियों और उनके रिश्तेदारों को लेकर एक विमान रूस की राजधानी मास्को के बाहर डोमोडेडोवो हवाई अड्डे पर उतरा है। रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने टेलीग्राम पर यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, ह्लआपातकालीन मंत्रालय का विमान डोमोडेडोवो हवाई अड्डे पर उतरा है... विमान में 105 रूसी और उनके परिवारों के सदस्य हैं, जिनमें गाजा से निकाले गए 55 बच्चे भी शामिल हैं... कुल मिलाकर, 360 से अधिक बच्चों सहित 760 से अधिक लोगों को पहले ही वनत पहुंचाया जा चुका है।मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि देशवासियों को सहायता पहुंचाने का कार्य रूसी विदेश मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा संगठन के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से जारी है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# अमेरिका की जेल में पूर्व पुलिस अधिकारी डेरेक चाउविन पर चाकू से हमला

**वाशिंगटन**
अमेरिका के पूर्व पुलिस अधिकारी डेरेक चाउविन पर शुक्रवार को टक्सन (एरीज) की संघीय जेल में चाकू से हमला किया गया। मिनियापोलिस के पूर्व पुलिस अधिकारी चाउविन पर जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या का दोष सिद्ध हो चुका है। वह 20 साल से अधिक की सजा काट रहे हैं।
द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि संघीय जेल ब्यूरो ने पुष्टि की कि टक्सन जेल में एक कैदी को



दोपहर 12:30 बजे चाकू मार दिया गया। हालांकि ब्यूरो के बयान में 47 वर्षीय चाउविन के नाम का उल्लेख नहीं किया गया है। इस हमले में कोई अन्य कैदी या जेल कर्मचारी घायल नहीं हुआ और स्थिति पर तुरंत काबू पा लिया गया। मगर प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा है कि हमले में घायल चाउविन को तत्काल अस्पताल ले जाया गया।
उल्लेखनीय है कि अफ्रीकी मूल के अमेरिकी नागरिक जॉर्ज फ्लॉयड की मई 2020 में मौत हो गई थी। एक दुकानदार ने जॉर्ज फ्लॉयड के खिलाफ पुलिस में नकली नोट के इस्तेमाल की शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार अपनी कार में बैठाना चाहा, तो उन्होंने विरोध शुरू कर दिया था। आरोप था कि इसके बाद डेरेक चाउविन ने फ्लॉयड को जमीन पर पटक दिया और उनकी गर्दन को घुटनों से दबा दिया। इससे फ्लॉयड की मौत हो गई। इसके बाद अमेरिकी के कई शहरों में नस्लवाद हिंसा के विरोध में प्रदर्शन थे।

# इजराइल ने लेबनान से दागी गई हिजबुल्लाह की मिसाइल को मार गिराया

**तेल अवीव**
इजराइल ने देश के उत्तर में लेबनान से दागी गई गाइडेड मिसाइल को मार गिराने का दावा किया है। सतह से हवा में मार करने वाली यह मिसाइल आतंकी समूह हिजबुल्लाह ने गाजा पट्टी में संघर्ष विराम के बीच दागी।
स्थानीय समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इजराइल ने इजराइली



डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के हवाले से कहा है कि इस मिसाइल को मार गिराने के बाद इजराइल के सुरक्षाबलों ने हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर हमले का जवाब दिया। आईडीएफ ने शनिवार सुबह जारी बयान में कहा है कि हिजबुल्लाह की मिसाइल से कोई नुकसान नहीं हुआ।

# यूक्रेन ने क्रीमिया पर किया बड़ा ड्रोन हमला, रूसी गवर्नर का दावा- दर्जनों ड्रोन मार गिराए गए

**कीव**
रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में यूक्रेन ने क्रीमिया प्रायद्वीप पर बड़ा ड्रोन हमला किया है जिसे रूसी सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया है। रूसी अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है।
यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर अवदीवका पर हमला करने के लिए अपने प्रयास को और तेज कर दिया है। रूस ने 2014 में यूक्रेनी प्रायद्वीप क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था। जून में शुरू हुए यूक्रेन के जवाबी हमले के बावजूद कोई भी पक्ष ज्यादा जमीन हासिल नहीं कर पाया है और विश्लेषकों का अनुमान है कि युद्ध लंबा चलेगा।सर्दियों का मौसम शुरू होने के साथ ही युद्ध के मैदान में बर्फबारी और हाड़ जमा देने वाली ठंड के बीच यूक्रेन और रूस ऐसी जमीन तलाश रहे हैं जो भविष्य में आगे बढ़ने के लिए मंच प्रदान कर सके। दक्षिणी यूक्रेन के खेरसान क्षेत्र के रूस के कब्जे वाले हिस्से के रूसी गवर्नर व्लादिमीर साल्डो ने कहा कि यूक्रेन ने शुक्रवार तड़के क्रीमिया पर एक बड़ा ड्रोन हमला किया। उन्होंने दावा किया कि हमला करने आए दर्जनों ड्रोन मार गिराए गए।

# पाकिस्तान के कार्यवाहक गृहमंत्री ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान हैं कोर्ट के दुलारे, जेल में मिल रही शाही सुविधाए

**इस्लामाबाद**
पाकिस्तान के कार्यवाहक गृह मंत्री सरफराज अहमद बुगती ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को कोर्ट का दुलारा बताते हुए कहा कि जेल में शाही सुविधा मिल रही है।
गृहमंत्री ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री को इमरान खान को जो सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं वह किसी दूसरे सामान्य कैदी, यहां तक कि जेल में बंद रहे दूसरे पूर्व प्रधानमंत्री को भी नहीं दी गई हैं। इमरान को मिली सुविधाओं की एक सामान्य नागरिक कल्पना भी नहीं कर सकता।
सरफराज ने कहा कि ऐसा इसलिए है, क्योंकि इमरान अदालत के लाडले हैं। साइफर (गोपनीय राजनयिक केबल) लीक मामले में गिरफ्तार होने के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 71 वर्षीय



चेयरमैन रावलपिंडी स्थित अदियाला जेल में बंद हैं।पाकिस्तान की जवाबदेही अदालत ने नेशनल अकाउंटेबलिटी ब्यूरो (एनएबी) को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में इमरान से जेल के भीतर और चार दिन पूछताछ करने की अनुमति दे दी। न्यायाधीश मुहम्मद बशीर ने गुरुवार को अदियाला जेल में सुनवाई की। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान के दावे के विरुद्ध शीर्ष जांच एजेंसी ने दावा किया है कि गोपनीय राजनयिक केबल (साइफर) को कभी अवगीर्कृत (डिक्लासीफाइड) नहीं किया गया। इमरान पर मार्च 2022 में एक आम सभा में इसे सार्वजनिक करने का आरोप है।जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान को इस्लामाबाद की एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को राहत दे दी। तीसरी और वर्तमान पत्नी बुशरा बीबी के साथ निकाह को गैर इस्लामिक कहते हुए दी गई चुनौती को कोर्ट ने खारिज कर दिया।

## 7 अक्टूबर के बाद से सबसे बड़ा सहायता काफिला गाजा में कर रहा प्रवेश



**संयुक्त राष्ट्र**
संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादियों ने कहा कि 7 अक्टूबर के बाद से सबसे बड़ा सहायता काफिला 137 ट्रक सहायता और 129,000 लीटर ईंधन के साथ शुक्रवार को गाजा पहुंचा।
समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि युद्ध विराम के पहले दिन, विश्व निकाय गाजा में और उसके पार मानवीय सहायता के वितरण को बढ़ाने में सक्षम है।
इसमें कहा गया है कि 200 ट्रकों को राफा क्रॉसिंग पर भेजा गया और 137 फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) पहुंचे। इससे यह 7 अक्टूबर को हमास-इजराइल युद्ध के शुरू होने के बाद से सबसे बड़ा मानवीय सहायता काकाफिला बन गया।
लगभग 129,000 लीटर ईंधन और चार ट्रक गैस भी गाजा में भेजा गया।
हजारों लोगों को भोजन, पानी, चिकित्सा आपूर्ति और अन्य आवश्यक मानवीय सहायता प्रदान की गई। कार्यालय ने बातचीत के बाद चार दिवसीय मानवीय विराम का जिक्र करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र और साझेदारों की मानवीय टीमें आने वाले दिनों में पूरे गाजा में लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए मानवीय अभियानों को तेज करना जारी रखेंगी।
ओसीएचए ने कहा कि गाजा में 1.7 मिलियन से अधिक लोगों के आंतरिक रूप से विस्थापित होने का अनुमान है, इनमें से लगभग 1 मिलियन गाजा पट्टी में 156 यूएनआरडब्ल्यूए आश्रयों में रह रहे हैं। आश्रय स्थल अपनी क्षमता से कहीं अधिक लोगों को समायोजित कर रहे हैं, और नए आगमन को समायोजित करने में असमर्थ होने के बावजूद, लोगों का आना जारी है।
मानवतावादियों ने कहा कि गुरुवार तक, उत्तरी गाजा के बेत लाहिया में इंडोनेशियाई अस्पताल में लगभग 200 मरीज और चिकित्सा कर्मचारी निकासी का इंतजार कर रहे थे।
यूएनआरडब्ल्यूए के कमिश्नर-जनरल फिलिप लेजारिनी ने गाजा की अपनी हालिया यात्रा के बाद कहा कि राफा और खान यूनिस में सड़कें लगभग खाली थीं, हर जगह ठोस कचरे का ढेर लगा हुआ था, और लगातार बमबारी के तहत अधिकांश दुकानें और फार्मेसियां बंद थीं।
उन्होंने कहा, गंदगी के कारण त्वचा रोग और दस्त जैसी बीमारियां बढ़ गईं, जो बारिश के कारण और भी बदतर हो गईं। कुछ स्थानों पर बीमारियों की दर पिछले वर्षों की तुलना में 45 गुना अधिक थीं।

## चीन में ठंडी हवा के चलते तापमान में भारी गिरावट

**बीजिंग**
चीन के मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि देश के मध्य और पूर्वी हिस्सों में शुक्रवार को तापमान में गिरावट आई और अगले 10 दिनों तक देश के विभिन्न हिस्सों में ठंडी हवा जारी रहने की संभवना है।
राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, शीत लहर के इस दौर से प्रभावित होकर, भीतरी मंगोलिया और पूर्वोत्तर चीन सहित कई क्षेत्रों में तापमान 6 से 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जबकि कुछ क्षेत्रों में तापमान में 12 से 17 डिग्री की गिरावट देखी गई। इसमें कहा गया है कि 26 से 28 नवंबर तक मध्य और पूर्वी चीन के अधिकांश हिस्सों में तेज ठंडी हवा का एक नया दौर आएगा।

# युद्ध के बीच हमास ने 25 बंधकों को किया रिहा, रेड क्रॉस को सौंपे गए इजराइली बंधक

**तेल अवीव**
इजराइल-हमास के बीच 49 दिनों से जारी युद्ध में शुक्रवार को युद्धविराम लागू होने के बाद हमास ने संघर्षविराम के बाद पहली बार 25 बंधकों को रिहा किया है। इनमें 13 इजराइली और 12 थाईलैंड के नागरिक हैं।
गौरतलब है कि शर्तों के तहत दोनों देश चार दिनों के लिए युद्ध रोकने पर सहमत हुए हैं। इस समझौते के तहत इजराइल भी बंदी बनाए गए फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा।
थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने 12 बंधकों की रिहाई की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि सात अक्टूबर को इजराइल में हमास के हमले के दौरान फलस्तीन आतंकवादियों द्वारा अपहरण किए गए 12 थाई बंधकों को युद्धविराम शुरू होने के कुछ घंटों के भीतर रिहा किया गया। दूतावास के अधिकारी जल्द ही इन बंधकों के पास पहुंचने वाले हैं। रिहा किए गए इन बंधकों के नाम और अन्य जानकारी जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे।
हमास ने जिन लोगों को बंधक बनाया है, उनमें सिर्फ



इजराइली नागरिक ही नहीं हैं। बल्कि दुनिया के कई देशों के नागरिक भी हैं। ज्यादातर बंधक वो हैं, जो 7 अक्टूबर को म्युजिक फेस्टिवल में शामिल हुए थे। हमास ने यहीं से नागरिकों को बंधक बनाया था। जानकारी के मुताबिक, हमास ने जिन देशों के नागरिकों को बंधक बनाया है, उनमें इजराइल के अलावा अमेरिका, थाईलैंड, जर्मनी, अर्जेंटिना, ब्रिटेन, फ्रांस, नीदरलैंड्स और पुर्तगाल के नागरिक भी शामिल हैं।
गाजा में हमास अधिकारियों के एक प्रवक्ता ने कहा कि स्कूल में 200 लोग मारे गए या घायल हुए। वहीं इजराइल की सेना ने कोई बयान नहीं दिया है। 7 अक्टूबर को इजरायल में हुए हमले के बाद इजरायल ने हमास को खत्म करने की कसम खाई थी, जिसमें उसके लड़ाकों ने 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और 240 लोगों को बंधक बना लिया था। हमास शासित गाजा पट्टी में अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़ाकर 12,300 कर हो गई है जिसमें 5,000 बच्चे भी शामिल हैं।